


E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 51 | गुवाहाटी | मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

काशी की तरह मिनी भारत है असम दोनों में समानताएं हैं : राज्यपाल — पेज 3

भारत ने दुनिया को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया : नरेंद्र मोदी — पेज 4

टैंकर और तूफान गाड़ी की टक्कर से 8 लोगों की मौत — पेज 5

बुढ़वा मंगल को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुख्ता इंतजाम, आवागमन... — पेज 11

## महिला पुलिसकर्मी ने छात्रा के प्राइवेट पार्ट की ली तलाशी, सीएम ने दिया जांच के आदेश



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया कि वह परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले एक महिला कांस्टेबल द्वारा महिला अभ्यर्थी के निजी अंगों की तलाशी लिए जाने के आरोप की जांच करें। यह घटना नलबाड़ी की है जहां *समूह-तीन* के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। शर्मा ने यह भी कहा कि पुलिस महानिदेशक ने उन्हें उत्तरी लखीमपुर में एक अन्य घटना की जानकारी दी है, जहां परीक्षा के दौरान एक महिला अभ्यर्थी के पास से नकल सामग्री बरामद की गई। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर कहा कि नलबाड़ी घटना पर पुलिस को मेरा निर्देश - मैंने असम के डीजीपी से बात की है और उन्हें उस घटना की जांच करने का निर्देश दिया, जिसमें एक छात्रा ने आरोप लगाया है कि एक महिला कांस्टेबल ने परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले उसके निजी अंगों की तलाशी ली थी। उन्होंने कहा कि मेरे लिए हमारी माताओं और बहनों की गरिमा तथा सम्मान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शर्मा ने कहा कि सरकार के सामने असम सीधी भर्ती परीक्षा (एडीआरई) को पूरी तरह से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आयोजित करने का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शर्मा ने कहा कि हमारी पूरी युवा पीढ़ी के प्रति यह जिम्मेदारी है और किसी भी परिस्थिति में इससे समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि महिला अभ्यर्थियों की गरिमा हमेशा बरकरार रहे। -शेष पृष्ठ दो पर

### छात्राओं की तलाशी में शालीनता बरती जाएगी : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि परीक्षा के दौरान छात्राओं की तलाशी लेते हुए शालीनता बरतने का ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज सोशल मीडिया के जरिए कहा कि कल एडीआरई की पहली परीक्षा, जिसका युवाओं को बड़ी उम्मीद से इंतजार था, सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस बीच, एक बहुत ही संवेदनशील शिकायत उठाई गई है। नलबाड़ी में एक परीक्षा केंद्र में एक छात्रा के प्रवेश करने से पहले एक महिला कांस्टेबल ने कथित तौर पर छात्रा के गुप्त अंगों की तलाशी ली। मामला चिंताजनक है। इसलिए मैंने घटना की जांच के लिए असम पुलिस के महानिदेशक से बात की है। हमारी माताओं और बहनों की गरिमा और सम्मान मेरे और एक समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुझे असम पुलिस के महानिदेशक द्वारा उत्तर लखीमपुर में हुई एक अन्य घटना के बारे में भी सूचित किया गया था, जहां एक छात्र के कपड़ों के अंदर से चीट बरामद किया गया था। उन्होंने कहा है कि यह आपकी जानकारी के लिए है कि हमने उच्चतम् स्तर की निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ एडीआरई परीक्षा आयोजित करने के -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रदर्शनकारियों के पास हाईटेक हथियार, 20 सितंबर तक इंटरनेट बंद, मणिपुर पुलिस चिंतित

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल पर रविवार को चिंता जताई। डीआइजी (रेंज 1) हीरोजीत सिंह ने कहा कि प्रदर्शनकारी स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमारे पास विरोध प्रदर्शनों के दौरान स्वचालित हथियारों से फायरिंग किए जाने का साक्ष्य है। खाबेइसोई में हाल ही में स्वचालित हथियारों से की गई गोलीबारी में इंफाल ईस्ट कमांडो के एक अधिकारी और एक अन्य कर्मी घायल हो गए। डीआइजी ने कहा कि हम लोगों से अपनी मांगों के लिए लोकतांत्रिक और अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने का आग्रह करते हैं। पुलिस को निशाना -शेष पृष्ठ दो पर



### त्रिपुरा में छात्रा का अपहरण, दुष्कर्म के बाद घर के पास छोड़ा

**अगरतला।** त्रिपुरा में पांचवीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मामला दर्जकर लिया है। स्कूल से लौटते वक्त बच्ची का अपहरण करने के बाद वारदात को अंजाम दिया गया। मामला दक्षिण त्रिपुरा जिले का है। बेलोनिया पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक -शेष पृष्ठ दो पर

## केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, धर्म की रक्षा के लिए सुदर्शन भी जरूरी : योगी

**अगरतला।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को त्रिपुरा में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए सुदर्शन भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म भी आपकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में डबल इंजन की सरकार है, जो डबल स्पीड से सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है।



हम सबके सामने धार्मिक क्षेत्र में हो रही प्रगति उल्लेखनीय हैं। योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश का नाम लिए बगैर कहा कि बगल में आपके हजारों किलोमीटर की सीमा के पार जो हमारे बंधुगण रह रहे हैं, उनकी क्या स्थिति है, ये आपसे छिपी हुई नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हम सबको इस बात को ध्यान में रखना होगा कि अगर आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म -शेष पृष्ठ दो पर

### सूचना



एजेंटों, हॉकरों, ग्राहकों और विज्ञापनदाताओं को **विकसित भारत समाचार** परिवार की ओर से विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। इस उपलक्ष्य में 17 सितंबर को कार्यालय में अवकाश रहेगा। हम 19 सितंबर के अंक के साथ आपकी सेवा में प्रस्तुत होंगे।

- संपादक

### सुप्रभात

*जो हमारे दिल में रहता है, वो दूर होके भी पास है। लेकिन जो हमारे दिल में नहीं रहता, वो पास होके भी दूर है।*

- **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

### समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे लापता

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर के सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे तीन ट्रॉलरों के साथ लापता हो गए हैं। प्रशासन की ओर से हेलीकॉप्टर द्वारा सोमवार सुबह से ही इन मछुआरों की तलाश की जा रही है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। मछुआरों के परिवार वाले चिंतित होकर प्रशासन से जल्द से जल्द जानकारी देने की मांग कर रहे हैं। मछुआरों के परिजनों के अनुसार पिछले मंगलवार को सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से एक दल गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकला था और उन्हें रविवार तक लौटना था। बाकी मछुआरे लौट आए लेकिन इन तीन -शेष पृष्ठ दो पर

## तिरंगे झंडे के साथ छेड़छाड़, अशोक चक्र की जगह चांद-तारा वाला झंडा लहराया

**पटना।** बिहार के सारण जिले में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर निकले जुलूस के दौरान देश की शान तिरंगा झंडा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जुलूस में एक पिकअप पर अशोक चक्र की जगह चांद-तारा वाला तिरंगा झंडा लहराया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने पर मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने संज्ञान लिया है। एसपी के निर्देश के बाद कोपा थाने में भारतीय ध्वज अधिनियम 2002 और अन्य अपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर इसमें शामिल लोगों की पहचान की गई। इस कार्रवाई के क्रम में जिस पिकअप वाहन पर कथित छेड़छाड़ कर तिरंगा झंडा लहराया जा रहा था, उसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही साथ दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। एसपी कुमार आशीष ने बताया कि कोपा थाना अंतर्गत ईद मिलाद-उन-नबी -शेष पृष्ठ दो पर



## जो राहुल गांधी की जीभ काटेगा मैं उसे 11 लाख रुपए दूंगा

### *शिवसेना विधायक ने दिया बयान*

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विवाद बढ़ने के बीच शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने घोषणा की है कि आरक्षण व्यवस्था खत्म करने के राहुल गांधी के बयान पर जो कोई भी उनकी जीभ काटेगा, उसे वह 11 लाख रुपए देंगे। संजय गायकवाड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस तरह का बयान दिया है, उससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने झूठ फैलाकर वोट लिए कि -शेष पृष्ठ दो पर



### कांग्रेस शासित राज्यों में कोई आर्थिक संकट नहीं : चिदंबरम

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि देश के जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां किसी प्रकार का वित्तीय संकट नहीं है। चिदंबरम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुरुक्षेत्र की रैली में दिए बयानों का जवाब दे रहे थे। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव अभी देश में अभी संभव नहीं है। इसके लिए संविधान में तीन संशोधन करने होंगे। इसके लिए भाजपा के पास लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

## गणेश विजर्सन के दौरान कई जगहों पर पत्थरबाजी, दो जिलों में बढ़ा तनाव

**बेंगलुरु।** दक्षिण कन्नड़ जिले के कटिपल्ला शहर और बंटवाल क्रॉस (बीसी) रोड में धार्मिक स्थलों पर पथराव और दो समूहों के बीच झड़प की घटनाओं के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ये दोनों घटनाएं पिछले सप्ताह मांड्या जिले में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उधर विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मांड्या जिले के नागमंगला में 11 सितंबर को गणेश प्रतिमा के विसर्जन जुलूस पर पथराव की घटना के विरोध में -शेष पृष्ठ दो पर





**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**


### *पीएम मोदी ने साधा राहुल गांधी पर निशाना, कहा-*

# नफरत से भरे लोग देश को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नफरत और नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश को बदनाम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिए गए कुछ बयानों को लेकर उठे राजनीतिक विवाद के बीच आई है। मोदी ने अहमदाबाद में भुज-अहमदाबाद *नमो भारत* रैपिड रेल, पहली वंदे भारत मेट्रो सेवा और पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 8,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए नाम लिए बिना कहा कि वे (विपक्ष) तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश को बांटने के इरादे से भारत की एकता और अखंडता को निशाना बना रहे हैं। नफरत से भरे लोग भारत और गुजरात को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में विपक्ष द्वारा उनका अपमान किया गया, उनका उपहास किया गया और उनका मखौल उड़ाया गया, लेकिन उन्होंने इस अवधि के दौरान सरकार के विकास एजेंडे को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि जब हर भारतीय देश को आगे ले जाने का प्रयास कर रहा है, तब नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। वे देश को बांटना चाहते हैं। अमेरिका में आरक्षण संबंधी राहुल गांधी की टिप्पणी और कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ चुनाव गठबंधन को लेकर उठे विवाद के बीच मोदी ने कहा कि नफरत से भरे कुछ लोग देश को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि आपने सुना है कि वे जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं, वे (चुनाव वाले) जम्मू-कश्मीर में दो संविधान और दो कानून वापस लाना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि (भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के) पहले 100 दिनों में, उन्होंने (विपक्ष ने) उनका मखौल उड़ाया, उनका उपहास किया और उनका अपमान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग मेरी चुप्पी से हैरान थे। मोदी ने कहा कि उन्होंने लोगों के लिए खुद को बलिदान करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अगर मैं जीता हूं, तो आपके लिए जीता हूं, अगर मैं संघर्ष करता हूं, तो आपके लिए संघर्ष करता हूं और अगर मैं खुद को बलिदान करता हूं, तो यह आपके लिए होगा। भाजपा ने राहुल गांधी पर अमेरिका में *आरक्षण विरोधी* टिप्पणी करने का आरोप लगाया है और इसे *देशद्रोह* करार दिया है। अमेरिका के प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में गांधी ने आरोप लगाया था कि लोकसभा चुनाव एक स्तर पर नहीं लड़े गए। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने दावा किया था कि निर्वाचन आयोग वही कर रहा था, जो वे (भाजपा) चाहते थे। पूरा प्रचार अभियान ऐसे बनाया गया कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी देशभर में अपना एजेंडा चला सकें।

# मोदी सरकार में किसी के पास आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की ताकत नहीं : शाह



**किश्तवाड़ (हि.स.)।** जम्मू संभाग के पाडर, किश्तवाड व रामबन में सोमवार को चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की कोशिश की जा रही है और इसे केंद्र शासित प्रदेश में इस हद तक दफना दिया जाएगा कि यह फिर कभी नहीं उभर पाएगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है और किसी के पास जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की ताकत नहीं है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं कश्मीर का माहौल देख रहा हूं, न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी यहां सरकार बना रहे हैं। अनुच्छेद 370 अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। कश्मीर में कभी भी दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झंडे नहीं हो सकते। वहां केवल एक झंडा होगा और वह हमारा तिरंगा है। शाह ने कहा कि मैंने गुर्जरों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा लेकिन इससे गुर्जर प्रभावित नहीं होंगे और अब मोदी सरकार ने गुर्जर आरक्षण को छुए बिना पहाड़ियों को आरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि अब गुर्जरों और पहाड़ियों को आदिवासी आरक्षण मिला है, अब आपके बच्चे भी कलेक्टर और डीएसपी बन सकते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीन परिवारों के शासन को खत्म कर दिया और राज्य में पंचायती राज की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक विकसित जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो शक्तियों के बीच है, एक तरफ नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी और दूसरी तरफ भाजपा। गृहमंत्री ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है। जब-जब घाटी में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। याद कीजिए 90 के दशक को मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए। जब हमारी घाटी खून से लथपथ हो गई तो आप कहां थे? उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने इस अब्दुल्ला परिवार को देशद्रोही कहा कि आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया, उमर अब्दुल्ला के दादा को वर्षों तक जेल में रखा।

## पूसीरे का स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान शुरू

**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान आज से शुरू हो गया। सोमवार को पूसीरे मुख्यालय परिसर के डॉ. भूपेन हजारिका सभागृह में पूसीरे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने सभी को स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया है कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान वरिष्ठ रेल अधिकारी, मुख्यालय के कर्मचारी और विभिन्न संघों एवं यूनियनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। पूसीरे के सभी मंडलों में भी स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई गई। आज से *स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता* विषय के साथ शुरू हुआ यह अभियान 2 अक्तूबर को स्वच्छ भारत दिवस समारोह के साथ संपन्न होगा। एक पखवाड़ा तक चलने वाले इस अभियान के दौरान रेल कर्मचारियों और यात्रियों के बीच जागरुकता फैलाने के साथ ही कार्यस्थलों, रेल पटरियों और स्टेशन परिसर में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है नशा मुक्ति और अतिक्रमण हटाओ अभियान : सीएम

**इंफाल।** मणिपुर में राज्य सरकार की तरफ से नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई और अतिक्रमण हटाओं अभियान को लेकर सीएम एन. बीरेन सिंह ने कहा कि ये दोनों कार्रवाई राज्य में किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले छह सालों में 60,000 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं जब्त की गई हैं और 18,000 हेक्टेयर अफीम की खेती नष्ट की गई है और ऐसे अभियानों से प्रभावित लोग स्वाभाविक रूप से निराश होंगे। राजधानी में प्रेस क्लब में ऑल मणिपुर वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि जब मैं मीडिया के पेशे में था, तो नशीली दवाओं के खतरे के कारण बड़ी संख्या में एचआईवी संक्रमित मामले सामने आए थे। इसलिए मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद नशीली दवाओं के मुद्दे को उठाने के बारे में सोचा, इसने पीढ़ियों को नष्ट कर दिया। लेकिन मैंने नशीली दवाओं के खिलाफ जिस युद्ध की घोषणा की है, वो किसी समुदाय के खिलाफ नहीं था। वहीं आरक्षित वनों में अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान पर, उन्होंने कहा कि मैं जंगलों को बचाना चाहता था। ये कार्रवाई केवल पहाड़ियों में नहीं की गई थी। यहां तक कि घाटी के जिलों में भी, कई लोगों पर अतिक्रमण करने के लिए कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र इंफाल पूर्व में हेइंगंग और थौबल में वेथौ में भी की गई थी। सीएम ने कहा कि सरकार के अतिक्रमण हटाओ अभियान को एक समुदाय के खिलाफ कार्रवाई के रूप में देखा गया। लेकिन हमने कभी किसी समुदाय के खिलाफ काम नहीं किया और न ही हम ऐसा करेंगे। ये राज्य मान्यता प्राप्त 30 से अधिक जनजातियों का है और हर किसी को खुद को भारतीय और गौरवान्वित मणिपुरी समझना चाहिए। वहीं सीएम ने राज्य में शांति लाने के तरीके पर रचनात्मक चर्चा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अनुरोध करना चाहता हूं कि हमें एकजुट होने की जरूरत है क्योंकि यह एक कठिन समय है, हमें मीडिया में भी इस बात पर अधिक रचनात्मक चर्चा करने की जरूरत है कि शांति कैसे लाई जाए। सीएम बीरेन सिंह ने दावा किया कि अवैध अप्रवासियों की आमद और ड्रग्स के मुद्दे संकट का मूल कारण हैं। इस दौरान असम राइफल्स की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास से कुकी नेशनल आर्मी (बी) कैडर की गिरफ्तारी के बारे में मीडिया के सवालों पर सीएम ने कहा कि एक मुख्यमंत्री के रूप में, मैं कहता रहा हूं कि मणिपुर में मौजूदा संकट में बाहरी लोग शामिल हैं। असम राइफल्स की गतिविधियों की सराहना करता हूं, जिसने केएनए (बी) के कैडर के एक म्यांमारी को गिरफ्तार किया।

## सरूपथार में अमृत सरोवर में डूबा युवक

**गोलाघाट (हिंस)।** जिले के सरूपथार के दिघाली चाय बागान में स्थित अमृत सरोवर तालाब में गिरने के बाद एक युवक लापता हो गया। लापता हुए युवक की पहचान विशाल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि विशाल सिंह पक्षियों का शिकार करने के लिए अमृत सरोवर तालाब के पास गया था। शिकार पर जाते समय अमृत सरोवर में गिरने के बाद से विशाल लापता है। विशाल सिंह का घर बरपथार नंबर 2 गांव में बताया गया है। स्थानीय लोगों ने अमृत सरोवर में काफी देर तक उसकी तलाश की। लेकिन विशाल नहीं मिला। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पुलिस के साथ पहुंची एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही है।

# हिन्दू समाज पर हमलों से बाज आएं इस्लामिक कट्टरपंथी : विहिप

**नई दिल्ली (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद ने देशभर में कई स्थानों पर चल रहे गणेश उत्सव के आयोजनों पर हुए हमलों से आहत होकर इस्लामिक कट्टरपंथियों को सोमवार को एक चेतावनी दी है कि वह धार्मिक यात्राओं व अन्य आयोजनों पर इस प्रकार के हमलें न करें। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा कि गणपति विसर्जन के 18 से अधिक पवित्र कार्यक्रमों पर जिहादियों ने हमले किए हैं। कई जगह भगवान गणपतिजी की प्रतिमा को खंडित करने का दुस्साहस भी किया गया। इससे पहले रामनवमी, महावीर जयंती तथा अन्य हिंदू त्योहारों की शोभायात्राओं पर भी हमले किए गए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर ये हमले केवल हिंदू त्योहारों पर ही नहीं अपितु, मोहर्रम, ईद ए मिलाद व बारावफात जैसे मुस्लिम कार्यक्रमों के दौरान भी होते हैं। ऐसे हमलें धार्मिक अलगाव का कारण बनते हैं इसलिए अब ऐसे हमलें रोकने की जरूरत है, इन्हें *काफिरोफोबिया* से बाहर निकलना चाहिए। मद्रास उच्च न्यायालय ने जिहादियों को कहा था कि कुछ लोग सांप्रदायिक हो सकते हैं, देश की सड़क धर्मनिरपेक्ष हैं जिसका सभी उपयोग करेंगे। अगर इसी तरह बाकी लोग भी सोचने लगे तो आप, जहां वे बहुमत में है, वहां अपने कार्यक्रम कैसे कर सकेंगे? हाई कोर्ट ने ओवैसी, मदनी और तौकीर जैसें मुस्लिम नेताओं को चेतावनी दी है कि वह अपने समाज को भड़काने का काम न करें। कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के द्वारा फैलाई गई नफरत का ही परिणाम है कि जेहादियों की मानसिक विकृति के रोज नए-नए प्रकार देखने को मिल रहे हैं। लगभग दस जगह अवरोध खड़े करके ट्रेनों को पलटने या दुर्घटना ग्रस्त करने के षड्यंत्र भी सामने आते है , कहीं जूस में पेशाब मिलाया जा रहा है तो कहीं रोटी सब्जी में थूका जा रहा है, कहीं वक्फ के नाम पर लैंड जिहाद हो रहा है, कहीं लव जिहाद के नाम पर हिंदू कन्याओं को मौत के घाट उतारा जा रहा है। वोट जिहाद, जनसंख्या जिहाद, अवैध धर्मांतरण, घुसपैठ जिहाद और न जाने कितने प्रकार के जिहाद को बढ़ावा दे रहा है। विश्व हिंदू परिषद ने सभी मुस्लिम नेताओं को सलाह देती है कि वे अपने समाज को भड़काना बंद करें। पहले सीएए के नाम पर भड़काया था जिसका मुस्लिम समाज से कुछ लेना-देना नहीं था। अब वक्फ के नाम पर भड़का रहे हो जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वक्फ बोर्ड के नाम पर कुछ बड़े मुस्लिम नेताओं ने आम मुस्लिम समाज को सबसे अधिक लूटा है। उन्होंने कहा कि ध्यान रखो यह विकास का नहीं, विनाश का मार्ग है। मुस्लिम समाज से अपील है कि वे अपने भविष्य की चिंता स्वयं करे। गजनी, तैमूर, नादिर शाह, बाबर जैसे आक्रमणकारियों के वर्तमान अवतारों को छोड़ें और एपीजे जैसों के विकासवादी नेतृत्व को स्वीकार करें।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *महिला पुलिसकर्मी ने छात्रा ...*

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं से संबंधित तलाशी के संबंध में माननीय न्यायालयों के प्रासंगिक निर्णयों और महिला आयोग के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए एक उचित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विकसित की जानी चाहिए और इसे अगली परीक्षा से पहले प्रसारित किया जाना चाहिए। असम में समूह-तीन के रिक्त पदों को भरने के लिए सीधी भर्ती परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई जिस दौरान राज्य भर में साढ़े तीन घंटे तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं। प्रतियोगी परीक्षा के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहला एडीआरई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और उन्होंने असम सरकार के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बिना किसी समस्या के इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। राज्य भर में 2,305 केंद्रों पर कुल 11,23,204 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए पात्र थे।

## *छात्राओं की तलाशी ...*

लिए शत् प्रतिशत प्रयास किए हैं। हमने किसी भी कारण से इस मुद्दे पर समझौता नहीं किया है। साथ ही हम हर समय अपनी महिला उम्मीदवारों की शालीनता और गरिमा की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए, परीक्षाओं के अगले चरण से पहले महिला उम्मीदवारों की तलाशी लेने संबंधी न्यायालय और महिला आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा।

## *प्रदर्शनकारियों के पास ...*

बनाने के उद्देश्य से किए जाने वाले विरोध प्रदर्शनों को तुरंत बंद किया जाए। कानून-व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश करने और सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खबरों के अनुसार मणिपुर सरकार ने पांच जिलों में इंटरनेट निलंबन और मोबाइल डाटा सेवाओं को 20 सितंबर तक बढ़ा दिया है। राज्य के गृह विभाग ने रविवार को आदेश जारी कर इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाओं के निलंबन को बढ़ा दिया। इससे पहले राज्य सरकार ने 10 सितंबर से पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगाया था। यह प्रतिबंध रविवार को समाप्त होना था, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए सरकार ने इसे बढ़ाने का फैसला किया।

## *केवल मुरली से ...*

आपकी रक्षा करेगा। लेकिन अगर आप अपने स्वार्थ के लिए धर्म का बलिदान करेंगे, तो वह धर्म भी आपके साथ उसी प्रकार का व्यवहार करेगा। हमारी सनातन मान्यता रही है- *यतो धर्मस्ततो जयः,* यही हम सबकी शिक्षा है। हम सब *एक भारत-श्रेष्ठ भारत* के रूप में देश को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प और सामर्थ्य हम सबको एक नई यात्रा पर आगे बढ़ा रहा है। आदित्यनाथ ने आगे कहा कि हम यह भी जानते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण की स्मृति जब हम सबके सामने आती है, तो उनके एक हाथ में मुरली है, तो दूसरे हाथ में सुदर्शन है। केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, बल्कि रक्षा के लिए सुदर्शन भी आवश्यक है। सुदर्शन जब आपके पास होगा तो फिर किसी को बलिदान नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 1947 के पहले कौन लोग थे, जो भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के लिए जिम्मेदार थे। उन लोगों के बारे में सही जानकारी देने की आवश्यकता है। याद रखना, 1905 में अंग्रेजों की जो बंग-भंग की साजिश थी, उस समय के समाज ने उसे विफल किया था, ऐसे ही मुस्लिम लीग की साजिशों को विफल करने के लिए उस समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल ने मिलकर पानी फेरने का काम करते तो कभी भी पाकिस्तान जैसा नासूर नहीं बनता है। पाकिस्तान एक नासूर है। जब तक इसका ऑपरेशन नहीं होगा। तब तक इस कैंसर की समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के साथ संधि कर देंगे तो वे देश को विभाजित कर देंगे, हिंदुओं का नरसंहार करेंगे और हमारे देश की परंपराओं को नष्ट कर देंगे। कांग्रेस ने अपनी सत्ता के लिए देश का विभाजन स्वीकार किया।

## *तिरंगे झंडे के साथ ...*

के जुलूस के दौरान कथित रूप से इस तरह का झंडा फहराने के मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन समेत झंडे को जब्त कर लिया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिसने उन्हें यह झंडा बनाकर दिया है, पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। बयान में पुलिस ने बताया कि इस बाबत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पूछा गया कि क्या जुलुस के लिए प्रशासन से अनुमति प्राप्त की गई थी तो एसपी ने कहा कि इस बारे में पता किया जा रहा है और जो लोग भी इसमें शामिल थे सभी व्यक्तियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों को यह चेतावनी भी दी है कि कोई भी सोशल मीडिया पर वैमनस्य फैलाने वाला पोस्ट न करें और ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि इस मामले में झंडा अधिनियम 1971 और 2002 के प्रावधानों और [illegible] की धारा 153 के तहत केस दर्ज कर दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है। जिस झंडे को लहराया जा रहा था, उसे जब्त कर लिया गया है। दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों ने पूछताछ में बताया कि उन लोगों को किसी तीसरे व्यक्ति ने इस झंडे को उपलब्ध कराया था। वहीं, तिरंगे के साथ छेड़छाड़ की घटना पर स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर की। साथ ही थाने पर जाकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए धरना दिया। लोगों ने इसे देश की अस्मिता के साथ खिलवाड़ बताते हुए तिरंगा झंडा के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक और जलालपुर के अंचलाधिकारी ने थाने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## *जो राहुल गांधी की जीभ ...*

संविधान खतरे में है, भाजपा संविधान बदल देगी और आज अमेरिका में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था, उसे खत्म कर देंगे। उनके मुंह से ऐसे शब्द निकले हैं... जो कोई उनकी जीभ काटेगा, मैं उसे 11 लाख रुपए दूंगा। यह पहली बार नहीं है जब विदर्भ क्षेत्र में बुलढाणा विधानसभा सीट से विधायक गायकवाड़ विवादों में आए हैं। पिछले महीने एक पुलिसकर्मी के शिवसेना विधायक की कार धोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। गायकवाड़ ने बाद में कहा था कि पुलिसकर्मी ने कार में उल्टी कर दी थी और बाद में अपनी मर्जी से गाड़ी साफ की थी। गायकवाड़ ने फरवरी में दावा किया था कि उन्होंने 1987 में एक बाघ का शिकार किया था और उसका दांत उन्होंने अपने गले में पहन रखा है। इसके तुरंत बाद राज्य के वन विभाग ने बाघ के कथित दांत को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा था तथा गायकवाड़ पर वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज किया था। बता दें कि 9 सितंबर को, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण को खत्म करने के बारे में तब सोचेगी जब भारत एक *निष्पक्ष स्थान* बन जाएगा, जो कि ऐसा नहीं है। कांग्रेस नेता वाशिंगटन, डीसी में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने जाति जनगणना कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी - ओबीसी, दलित और आदिवासी - का देश में उचित प्रतिनिधित्व नहीं होना *कमरे में हाथी* है। राहुल गांधी ने कहा कि कमरे में हाथी है। जब हम संस्थानों, व्यवसायों और मीडिया पर कब्जे की बात करते हैं, तो कमरे में हाथी यह है कि भारत के 90 प्रतिशत - ओबीसी, दलित, आदिवासी - खेल का हिस्सा ही नहीं हैं। यही कमरे में हाथी है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि भारत ब्लॉक संविधान की रक्षा करना चाहता है और गठबंधन के अधिकांश साथी जाति जनगणना कराने पर सहमत हैं, उन्होंने कहा कि *दो व्यापारियों* को देश में हर व्यवसाय नहीं चलाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेता विदेशी धरती पर भारत को *बेहद शर्मनाक तरीके से* बदनाम कर रहे हैं। पीयूष गोयल ने गांधी के बयानों पर उनके तर्क पर सवाल उठाया और कांग्रेस पर पीएम मोदी पर हमला करने के लिए *सुविचारित एजेंडे* का प्रचार करने का आरोप लगाया।

## *कांग्रेस शासित राज्यों में ...*

है। कुरुक्षेत्र की रैली में मोदी ने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में आर्थिक संकट की बात कहते हुए कांग्रेस की मुफ्त बांटने की नीतियों पर निशाना साधा था। इसका जवाब देने के लिए सोमवार को पी. चिदंबरम चंडीगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को नकारते हुए कहा कि मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। साथ ही आंकड़ों के साथ हरियाणा में बेरोजगारी, कर्ज और किसानों के मुद्दों पर चिदंबरम ने भाजपा को घेरा है। चिदंबरम ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह संभव नहीं है। इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधन करने होंगे। इन संवैधानिक संशोधनों के लिए भाजपा के पास न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा में पर्याप्त संख्या है। आईएनडीआईए गठबंधन पूरी तरह से एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध करता है। मोदी ने कुरुक्षेत्र रैली में आरोप लगाया था कि 'शाही परिवार' की मंशा दलितों के आरक्षण खत्म करने की है। इन आरोपों को नकारते हुए चिदंबरम ने पलटकर सवाल दागा कि हमें आरक्षण क्यों खत्म करना चाहिए। आबादी के अनुसार 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को निश्चित रूप से हटाया जाना चाहिए। हम जातीय जनगणना की बात करते हैं। आरक्षण निश्चित रूप से आबादी के अनुसार होना चाहिए। प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उनकी हर बात पर विश्वास नहीं करें।

## *गणेश विजर्सन के ...*

सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि मंगलुरु तहसील के कटिपल्ला कस्बे में पथराव की घटना रविवार देर रात लगभग 9.50 बजे हुई लेकिन त्वरितकार्रवाई करके स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और इलाके में किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उसने बताया कि इस घटना में धार्मिक स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पुलिस के मुताबिक, कथित पत्थरबाज दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग- 75 से सटे बंटवाल तालुक के बीसी रोड कस्बे में सोमवार सुबह सोशल मीडिया मंचों पर दो समूहों के बीच भड़काऊ बयान पोस्ट किए जाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि बंटवाल नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के एक *वॉइस मैसेज* के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के लोग बड़ी संख्या में जमा हुए। उन्होंने कहा कि शरीफ ने विहिप नेता शरण पंपवेल को चुनौती दी थी कि ईद-ए-मिलाद के जुलूस के दौरान उनके सामने आकर दिखाएं। दक्षिण कन्नड़ जिला पुलिस ने कहा कि इसके बाद एहतियातन बंटवाल के पूर्वी हिस्से में उप्पिनंगडी और पश्चिमी हिस्से में पनमंगलूरु में गश्त तेज कर दी। पुलिस के अनुसार, शरीफ और बंटवाल नगरपालिका के पार्षद मोहम्मद हसैनार के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पंपवेल और बजरंग दल के नेता पुनीत अट्टावर के खिलाफ भी भड़काऊ बयान देने का मामला दर्ज किया गया है। बीसी रोड पहुंचे पंपवेल ने कहा कि उन्होंने (शरीफ की) चुनौती को स्वीकार किया है और हजारों हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आए हैं। सोशल मीडिया मंचों पर लगातार नजर रख रही मंगलुरु पुलिस भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और मंगलुरु पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल पहले ही इस बारे में चेतावनी दे चुके हैं। इस बीच पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) अमित सिंह ने प्रदर्शनकारियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। इस बीच, मुस्लिम युवाओं ने ईद-ए-मिलाद के तहत बीसी रोड पर मोटरसाइकिल रैली निकाली। इससे पहले बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने इलाके में तीन घंटे तक प्रदर्शन किया था।

## *समुद्र में मछली ...*

ट्रॉलरों में सवार 49 मछुआरों का कोई पता नहीं चल पाया। पहले नाव और ट्रॉलरों से तलाशी अभियान शुरू किया गया था लेकिन सोमवार को प्रशासन ने हवाई मार्ग से तलाशी के लिए हेलीकॉप्टर भेजा। मछुआरों के मुताबिक *मा रिया* और *श्री हरी* नाम के दो ट्रॉलरों सहित कुल तीन ट्रॉलरों के इंजन खराब हो गए थे, जिससे ट्रॉलरों के प्रोपेलर भी काम करना बंद कर दिए। अन्य मछुआरों ने इन ट्रॉलरों को खींचकर वापस लाने की कोशिश की लेकिन तेज समुद्री धाराओं के कारण वे सफल नहीं हो सके। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण मछुआरे गहरे समुद्र से किनारे की ओर लौट रहे थे लेकिन इस दौरान कई ट्रॉलरों की वायरलेस मशीन खराब हो गई, जिससे संपर्क करना मुश्किल हो गया। इस मामले की सूचना तटरक्षक बल को दी गई है। मछुआरों के परिजन गहरी चिंता में हैं, क्योंकि उन्हें अब तक अपने प्रियजनों की कोई जानकारी नहीं मिली है। सोमवार सुबह से ही कई परिवार सुल्तानपुर मछली बंदरगाह पर एकत्रित हैं और वे प्रशासन से सही जानकारी देने की गुहार लगा रहे हैं। कई परिवारों ने कहा कि उनके पति और भाई उन ट्रॉलरों में सवार थे और अब उनकी स्थिति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## *त्रिपुरा में छात्रा का ...*

स्कूल से बच्ची के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। मगर वह नहीं मिली। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बाद में उसी इलाके का एक 22 वर्षीय युवक पीड़िता को घर के पास छोड़ गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी पुलिस ने किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया है। बता दें कि इससे एक दिन पहले शुक्रवार को उत्तरी त्रिपुरा जिले में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आ चुका है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़िता नाबालिग है। स्थानीय लोगों ने उसे सड़क पर बेहोश पाया था। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों को दबोचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुकान जाते वक्त नाबालिग का अपहरण किया गया था। जंगल में ले जाकर आरोपियों ने उसका यौन शोषण किया था।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**

# काशी की तरह मिनी भारत है असम दोनों में समानताएं हैं : राज्यपाल

## राजभवन में पूर्वोत्तर भ्रमण पर आए बनारस नगर निगम के पार्षदों का अभिनंदन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा है कि विश्व में एक बार फिर भारत की संस्कृति गुंजायमान हो रही है। हमारी संस्कृति के पुनर्जागरण में सभी देशवासियों से सहयोग सदैव अपेक्षित है। राजभवन में काशी से आए बनारस नगर निगम के पार्षदों के लिए आयोजित अभिनंदन समारोह को राज्यपाल आचार्य संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि बनारस नगर निगम के पौर अध्यक्ष नरसिंह दास के नेतृत्व में पार्षदों का 71 सदस्यीय दल पूर्वोत्तर के भ्रमण पर निकला है। इस उद्देश्य से यह दल 14 सितंबर की रात असम राजभवन पहुंचा। इस भ्रमण दल के स्वागत में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित पार्षदों का अभिनंदन करते हुए राज्यपाल आचार्य ने कहा कि आप सभी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी



काशी, सर्वविद्या की राजधानी काशी तथा प्रधानमंत्री की काशी से आप सभी पधारें हैं। उन्होंने कहा कि काशी और असम में बहुत सी विशेषताएं और समानताएं हैं। काशी बाबा विश्वनाथ, काल भैरव, माता अन्नपूर्णा की नगरी है, तो असम भी शक्तिपीठ मां कामाख्या, उमानन्द भैरव की पावन धरा है। असम महापुरुष शंकरदेव की धरती है। यहां महाबाहु ब्रह्मपुत्र की शीतल जलधारा बहती है। असम पूर्वोत्तर का प्रमुख केंद्र है। यह प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित है। काशी की तरह असम भी *मिनी भारत* है। यहां बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू और विभिन्न राज्यों के लोग बसते हैं। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता की जो हमारे देश की विशेषता है, वह असम में भी देखने को मिलती है। राज्यपाल आचार्य ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं आपने पूरा देश देखा और पूर्वोत्तर के राज्यों को नहीं देखा तो आपने पूरा भारत नहीं देखा। उन्होंने कहा कि आप सभी पार्षदगण आज असम आएं हैं और फिर पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों का भ्रमण करेंगे, तो आप गर्व कर सकेंगे की आपने पूरा भारत देख लिया। राज्यपाल ने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पूरे काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप सभी काशी की पहचान हैं। आपसे ही काशी है और काशी से आप हैं। आप गंगा के किनारे रहते है, प्रयागराज जाते हैं तो संगम, यमुना और सरस्वती की झलक पाते हैं। आज आप सभी ब्रह्मपुत्र के तट के पास बैठे हैं और मुझे विश्वास है कि आप सभी काशी से असम को जोड़ पा रहे हैं। आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत की कला-संस्कृति भी विश्व में गुंजायमान हो रही है। इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम भारत की संस्कृति के पुनर्जागरण में साथी बनकर हमारे देश की पहचान को आगे बढ़ाएं। इस अभिनंदन समारोह में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें असम की कला-संस्कृति की अनूठी झलक प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने बिहू नृत्य, सत्रिया नृत्य और बागुरूम्बा नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एससीआरसी ने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार पर जताई चिंता

**मोरीगांव ( हिंस )।** राज्य बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग (एससीआरसी) ने बच्चों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर व्यक्त की है। आयोग ने शिक्षा सेतु ऐप में 38 हजार बच्चों के नामांकन न होने, मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक दो हजार 425 बच्चों के साथ दुर्व्यवहार होने तथा तीन वर्षों में छह हजार बच्चों के साथ दुर्व्यवहार होने पर चिंता व्यक्त की है। असम राज्य बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग ने मोरीगांव के पुलिस अधीक्षक के बैठक कक्ष में जिला स्तर पर बाल संरक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। असम राज्य बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग (एएससीआरसी) पॉक्सो जैसे सख्त कानून के बावजूद राज्य में बाल शोषण में वृद्धि को लेकर चिंतित है। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बाल संरक्षण के क्षेत्र में लागू पॉक्सो अधिनियम के समुचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने तथा दोषियों को दंडित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर पुलिस अधिकारियों तथा बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करने के लिए किया गया। राज्य बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग (एससीपीआरसी) इस बात से चिंतित है कि पिछले वर्ष राज्य में एक लाख 27 हजार बच्चों के स्कूलों से ड्रॉपआउट होने के बावजूद 38 हजार बच्चों का शिक्षा सेतु ऐप में नामांकन नहीं हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक 2,425 बच्चों के साथ चेचक समेत विभिन्न कारणों से दुर्व्यवहार किया गया। बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग के अनुसार, पिछले तीन वर्षों 2021, 22 और 23 में करीब छह हजार बच्चे बाल दुर्व्यवहार के शिकार हुए हैं।

## पलटन बाजार में पाकेटमार गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** शहर के व्यस्तम पलटन बाजार में आज बस यात्रियों ने एक पाकेटमार को पकड़ लिया। पाकेटमार ने एक यात्री की जेब से 12 हजार रुपए नकद निकाल लिए और घटनास्थल से गायब होने की कोशिश की। पीड़ित की पहचान अरुण कुमार (20) के रूप में की गई। हालांकि, अन्य जेबकतरे मौके से भागने में सफल रहे। भीड़ ने जेबकतरे को बिजली के खंभे से बांध दिया। वहीं, पाकेटमार की पहचान राहुल अली के रूप में हुई। राहुल शहर के जालुकबारी का रहने वाला है। पुलिस लूट गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पूछताछ कर रही है। कुछ दिन पहले शहर में एक महिला जेबकतरे को गिरफ्तार किया गया था। आरोपों के मुताबिक, जेबकतरों का एक समूह अक्सर रिजर्व बैंक स्टॉप से विशाल स्टॉप तक और दूसरा विशाल स्टॉप से नेपाली मंदिर स्टॉप तक आता है और ग्रामीण इलाकों से इलाज के लिए गुवाहाटी आने वाले आम लोगों को निशाना बनाता है। गौरतलब है कि कई पीड़ितों ने शिकायत की थी कि बसों के कंडक्टर पाकेटमारों से किराया भी नहीं लेते हैं। कंडक्टर साथ कमीशन की शर्त पर जेबकतरों को बसों में चढ़ने की अनुमति देते हैं। जब यात्री बस स्टॉप पर उतरने लगते हैं तो जेबकतरे अनावश्यक रूप से दोनों दरवाजों पर जमा हो जाते हैं और मौका पाकर लापरवाह यात्रियों की जेबें काट लेते हैं और मौके से भाग जाते हैं। एक यात्री ने कहा कि इसकी शिकायतें पुलिस से की जाती है, लेकिन पुलिस इन मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं देती। पीड़ित बस यात्रियों की मांग है कि लोगों की गाढ़ी कमाई लूटने वाले जेबकतरों की पुलिस निगरानी करे।

## पानी से दर्जनों आधार कार्ड बरामद

**बंगाईगांव ( हिंस )।** जिले के उडुबी ग्राम पंचायत के सुदिरमुख गांव के दर्जनों लोगों के आधार कार्ड गड्ढे में पानी से बरामद किए गए। पानी में पाए गए आधार कार्डों को लेकर गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पता चला है कि गांव के ज्यादातर लोगों का आधार कार्ड तो बन गया है, लेकिन आज तक आधार कार्ड उन्हें दिया नहीं गया। ग्रामीण आधार कार्ड मांगने के लिए डाकघर जा-जाकर थक चुके हैं। आधार कार्ड न मिलने के कारण कई लोग अपने राशन कार्ड से वंचित हैं। अचानक गांव में बांस के झुरमुट के नीचे गड्ढे में कुछ लोगों के आधार कार्ड पानी में तैरते पाया गया। कुछ आधार कार्ड बरामद कर लिए गए, लेकिन सैकड़ों आधार कार्ड पानी में डूबकर नष्ट हो गए हैं। यह रहस्य का विषय है कि आधार कार्ड को किसने किस कारण से नष्ट किया। आरोपों के अनुसार, गांव के पूर्व पंचायत सदस्य ने कथित तौर पर आधार कार्ड फेंक दिए। ग्रामीण पुलिस से संपर्क कर चुके हैं। असली रहस्य का खुलासा पुलिस करेगी। लोगों की मांग है कि प्रशासन के साथ-साथ पुलिस भी इस मामले में उचित जांच करे और दोषियों को सजा दिलाने के उपाय करे।

## तीन महिला एवं दो पुरुष समेत पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा ( हिंस )।** मानकाचर में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही और टेंपो चालक को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बांग्लादेशी नागरिकों को असम-मेघालय सीमावर्ती मानकाचर के मिरजुमला मार्ग पर तलाशी के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए पांच बांग्लादेशी नागरिकों में दो पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों को बीती रात एक चेकप्वाइंट पर तलाशी अभियान के दौरान उस समय पकड़ा गया जब वे टेंपों (एएस-17सी-3808) में सवार होकर मेघालय से मानकाचर आ रहे थे। पांच बांग्लादेशियों की पहचान क्रमशः आकाश हुसैन (25), शफीकुल मंडल (24), साबीना आफता (33), सांता बेगम (20) और पिंकी अख्तारा (25) के रूप में की गई है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों से फिलहाल मानकाचर पुलिस स्टेशन में पूछताछ की जा रही है। इस बीच दक्षिण सालमारा मानकाचर जिले के पुलिस अधीक्षक मानकाचर थाने में पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की। पूछाताछ में बांग्लादेशी नागरिकों ने बताया है कि उन्होंने मेघालय के दक्षिण-पश्चिमी गारो हिल्स जिले में पुरा खासिया अंतर्राष्ट्रीय सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश किया था। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

## डिब्रूगढ़ लॉकअप में रील हिरोइन सुमी से पूछताछ जारी

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले की अभियुक्त रील हिरोइन सुमी बोरा का डिब्रूगढ़ थाने की लॉकअप में आज चौथा दिन है। पांच दिनों से पुलिस हिरासत में बंद सुमी बोरा और तार्किक बोरा को नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए बीती रात एएमसीएच ले जाया गया था। उनके साथ शुभन ज्योति कुर्मी और चंदन नाथ को भी स्वास्थ्य जांच के लिए एक साथ लाया गया था। आधी रात को लोगों की नजरों से दूर चारों को पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच असम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के आपातकालीन विभाग में लाया गया। सभी का करीब डेढ़ घंटे तक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं, तार्किक के भाई अम्लान बोरा को स्वास्थ्य जांच के लिए अलग से लाया गया था।

## करीमगंज में 42 करोड़ की याबा टैबलेट्स और संदिग्ध ब्राउन शुगर जब्त, दो गिरफ्तार



**करीमगंज ( हिंस )।** स्थानीय पुलिस ने राताबाड़ी थाना क्षेत्र से दो लोगों के पास से एक लाख 20 हजार नशीली याबा टैबलेट्स और बड़ी मात्रा में संदिग्ध ब्राउन शुगर जब्त किया है। पुलिस ने तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस मुख्यालय के अनुसार एक गुप्त सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक पार्थप्रतिम दास के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने सोमवार को करीमगंज के पटेलनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक चेकिंग अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने दोपहर करीब एक बजे एक चार पहिया पिकअप वैन को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके वाहन के ड्राइवर की सीट के नीचे छिपे एक चैंबर में प्लास्टिक की 45 साबुनदानी से 537 ग्राम वजन की एक लाख 20 हजार याबा टैबलेट और भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किया। पुलिस ने बताया कि बरामद ड्रग्स की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कम से कम 42 करोड़ रुपए होगी। पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में राताबाड़ी थाना क्षेत्र के हनीफ उद्दीन और करीमगंज जिला अंतर्गत पथारकांदी थाना क्षेत्र के जबरूल हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मादक पदार्थ और बोलेरो पिकअप वैन को जब्त कर सदर पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि याबा टैबलेट्स और संदिग्ध ब्राउन शुगर पड़ोसी राज्य मिजोरम से लेकर आए थे। पुलिस ने कबूलनामे के आधार पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु ने बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो के साथ बीटीआर में शैक्षिक प्रगति की समीक्षा की

विकसित भारत समाचार

**कोकराझाड़।** असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु ने आज कोकराझाड़ जिले का दौरा किया, जहां उन्होंने क्षेत्र के शैक्षिक परिदृश्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लिया। बीटीआर के मुख्य शिक्षा मंत्री प्रमोद बोरो की उपस्थिति में, मंत्री ने कोकराझाड़ और चिरांग जिलों के हाई स्कूलों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रधानाचार्यों और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीटीसीएलए सभागार, कोकराझाड़ में एक संवाद सत्र का नेतृत्व किया। बैठक के दौरान मुख्य चर्चाओं में बोडो शांति समझौते के खंड 6.3 का कार्यान्वयन, शिक्षक भर्ती, स्कूल के बुनियादी ढांचे, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता और कॉलेजों का प्रांतीयकरण शामिल था। अपने संबोधन के दौरान, डॉ. पेगू ने विशेष रूप से माध्यमिक स्तर पर छात्रों के स्कूल छोड़ने की दर में चिंताजनक वृद्धि को स्वीकार किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर जोर दिया, जिसमें निजीत मोइना असोनी, मध्याह्न भोजन योजना और मुफ्त पाठ्यपुस्तकों का वितरण जैसी पहल शामिल हैं, जिसका उद्देश्य ड्रॉपआउट दरों को कम करना



और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना है। डॉ. पेगू ने निपुण एक्सोम मिशन पर भी प्रकाश डाला, जो मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता हासिल करने पर केंद्रित है, और शिक्षकों से इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने डिजिटल डिवाइड को पाटने और शैक्षिक परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रदान किए गए स्मार्ट क्लासरूम उपकरणों के उपयोग के महत्व पर भी जोर दिया। बीटीसी प्रमुख श्री प्रमोद बोरो ने महत्वपूर्ण शैक्षिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए डॉ. पेगू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बीटीआर में छात्रों को समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे की चुनौतियों को हल करने, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्कूलों के भीतर डिजिटल साक्षरता को आगे बढ़ाने की आवश्यकता को भी दोहराया। बैठक में बीटीसी ईएम राकेश ब्रह्म, बीटीआर के प्रधान सचिव आकाश दीप, शिक्षा विभाग के सचिव अमरज्योति बर्मन और शिक्षा निदेशक जगदीश प्रसाद ब्रह्म सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। इससे पहले दिन में, डॉ. पेगु ने कोकराझाड़ में बिनेश्वर ब्रह्म इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया और इसके बुनियादी ढांचे की समीक्षा की और चारदीवारी, ऑडिटोरियम और छात्रावासों सहित चल रही निर्माण परियोजनाओं का आकलन किया। उनके साथ बीटीआर सीईएम प्रमोद बोरो, विधायक लॉरेंस इस्लेरी और कॉलेज के प्रिंसिपल कमल कुमार ब्रह्म भी थे। मंत्री ने बीटीआर में महिलाओं की शिक्षा के लिए समर्पित एकमात्र एनएएसी-मान्यता प्राप्त संस्थान, कोकराझाड़ के गर्ल्स कॉलेज में 35वें फ्रेशर्स सोशल डे में भी भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों, शिक्षकों और शासी निकाय के साथ बातचीत करते हुए, डॉ. पेगू ने नए छात्रों को अपनी औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करने पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है।

## महानगर में निकाली गई जश्ने ईद मिलादून जुलूस



**गुवाहाटी।** महानगर में आज धूमधाम के साथ के साथ जश्ने ईद मिलादून नब्बी की जुलूस निकाली गई। जिसकी जानकारी मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है। उल्लेखनीय है कि आज मुहम्मद साहब के जन्मदिन के यह जुलूस निकाली गई। इस अवसर पर-हाजी मुसाफिर खाना से आठगांव कब्रिस्तान कंपाउंड मस्जिद तक जुलूस ए मोहम्मदी निकाली गई। जिसमें मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किए गए थे।

## नृत्यांगनाओं ने बैंकाक में जीत के साथ रोशन किया नगांव का नाम

### पांच ने जीते खिताब, इशिका ने लोक नृत्य में हासिल किया प्रथम स्थान

**नगांव ( निसं )।** असम के कलाकारों के एक सांस्कृतिक दल समूह ने बैंकाक, थाईलैंड में सत्रिया शैली और लोक नृत्य के अनूठे संयोजन के साथ प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीता बल्कि पांच खिताब जीत कर नगांव का मान बढ़ाया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध सत्रिया कलाकार सविता सइकिया के नेतृत्व में असम के अलावा दुबई, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न देशों और राज्यों से 140 कलाकारों ने भाग लिया। बैंकॉक के ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल के विशाल प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम गत 7 व 8 सितंबर को संपन्न हुआ था। भारतीय संस्कृति यात्रा में असम की पांच सदस्य ने बेहतर प्रदर्शन किया। कलाकारों के समूह में क्रमशः नगांव, बरजाहर के विश्वजीत मजूमदार, हैबारगांव की इशिका अग्रवाल, धिंग की दीपाश्री मेधी और दक्षिणपात



की दिशा रिचा कश्यप शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस महोत्सव का आयोजन हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसायटी द्वारा किया जाता है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा समन्वय किया गया। नगांव हैबारगांव के दीपक अग्रवाल की धर्म पत्नी इशिका अग्रवाल ने लोक नृत्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, विश्वजीत मजूमदार ने खोल वादन के वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दिशा रिचा कश्यप ने सत्रिया नृत्य वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उपस्थित कलाकार सविता सइकिया भी शामिल हुई, जिन्होंने श्री कृष्ण लीला का रूप प्रस्तुत किया। 7 व 8 सितंबर को बैंकाक में अपना प्रदर्शन करने के बाद हाल ही में अपने गृह जिले पहुंचे समूह का विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## भेद विज्ञान का सेतु है आंकिचन्य : आचार्य प्रमुख सागर



**डिमापुर।** डिमापुर के दिगंबर जैन मंदिर में विराजित आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज ने आज पर्युषण पर्व के नवें दिन आंकिचन्य धर्म पर प्रवचन देते हुए कहां की परिग्रह का संबंध पदार्थ से नहीं अपितु हमारी संग्रह-वृत्ति से है। यदि किसी व्यक्ति के पास कुछ भी संग्रह करने के लिए नहीं है। परंतु वह संग्रह करना चाहता है तो परिगही कहलाएगा जैनागम के अनुसार जीव की चार संज्ञाएं होती हैं। जिनमें से एक परिग्रह संज्ञा है। इसी संज्ञा के कारण मानव में संग्रह की भावना जागती है। हम देखते हैं कि प्रत्येक बालक बचपन से ही इस संग्रह से ग्रसित होता है। उसे नए और सुंदर खिलौने का संग्रह और उस पर अपना अधिकार जमाने में बड़ा सुख होता है। इस दौड़ में मानव थकान, टूटन और घुटन भले ही महसूस करता हो पर वह हार नहीं मान सकता। असलियत तो यह है कि कुछ दौड़ में चोट खाते हैं, जख्मी होते हैं, घावों को सहते हैं परंतु संग्रह वृत्ति का इतना प्रबल आकर्षण है कि अपने: जख्मों पर मरहम-पट्टी करके दौड़ने में उत्सुक हो जाते हैं। इस दौड़ में जो भाग्य से मिले वह इलेक्शन है और जो न्यास से मिले वह सलेक्शन और जो औ:जहां-तहां से मात्र बटोरता है वह कलेक्शन है। स्मरण रहे हम अर्थ और पदार्थ के अनुगामी हैं। ऊपरी तल पर चाहे कोई कृष्ण का अनुयायी हो, कोई बुद्ध या महावीर का परंतु भीतरी तल पर सभी अर्थ और पदार्थ के अनुयायी है।

# भारत ने दुनिया को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया : नरेन्द्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन
- ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने को प्रयासरत है भारत: नरेन्द्र मोदी



**गांधीनगर, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए भारत ने 20 हजार करोड़ रुपये का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लॉन्च किया गया है। देश में वेस्ट टू एनर्जी का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। क्रिटिकल मिनरल से जुड़ी चुनौतियों के लिए पहचान के लिए सर्कुलर एप्रोच को प्रमोट किया जा रहा है। रियूज और रिसाइकिल से संबंधित बेहतर तकनीक के लिए स्टार्टअप को स्पोर्ट किया जा रहा है। प्रो प्लानेट पिपुल का सिद्धांत हमारा कमिटमेंट है। भारत ने दुनिया को मिशन लाइफ यानी लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस का प्रयास कर दुनिया के सैकड़ों देशों को जोड़ा है। भारत ने अपने रेलवे को भी इस दशक के अंत तक नेट जीरो बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनोल के लक्ष्य को हासिल करेंगे। गांव-गांव में अमृत सरोवर से जल संरक्षण हो रहा है। मां के नाम पर लोग पेड़ लगा रहे हैं। भारत का प्रयास पूरी तरह से मेड इन इंडिया सॉल्युशन के रूप में है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरा टर्म दिया है। आज 140 करोड़ भारतवासियों को भरोसा है, युवाओं को भरोसा है, महिलाओं को भरोसा है कि उनकी आशाओं को पिछले 10 साल में जो पंख लगे हैं, वे इस थर्ड टर्म में एक नई उड़ान भरेंगे। देश के गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित को भरोसा है कि हमारा थर्ड टर्म उसके गरीमापूर्ण जीवन जीने की गारंटी बनेगा। भारतीय जनता देश को तेजी से टाप थ्री इकोनॉमी में पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं। यह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे एक्शन प्लान का हिस्सा है। हम यह काम कैसे कर रहे हैं, इसका ट्रेलर थर्ड टर्म के हमारे पहले 100 दिनों के फैसलों में दिखता है। कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। देश में 7 करोड़ घर बना रहे हैं। यह दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। सरकार ने अपने दो टर्म में 4 करोड़ घर बना दिए हैं। तीसरे टर्म में 3 करोड़ नए घर बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। बीते सौ दिनों में भारत में 12 नए इंडस्ट्रीयल सिटी बनाने का फैसला लिया, आठ हाई स्पीड रोड कोरिडोर को मंजूरी दी गई। 15 से अधिक नई मेड इन इंडिया सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन लॉन्च की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया को लगता है कि भारत 21वीं सदी की बेस्ट बेट है। मोदी ने कहा कि गुजरात की जिस धरती पर श्वेत क्रांति का उदय हुआ, मधु क्रांति हुआ, सूर्य क्रांति का उदय हुआ। गुजरात भारत का वह राज्य है, जिसने भारत में सबसे पहले अपनी सोलर पावर पॉलिसी बनाई। पहले गुजरात में पॉलिसी बनी इसके बाद हम राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़े। क्लाइमेट के लिए भी अलग से मिनिस्ट्री बनाने में भी गुजरात बहुत आगे था। मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सचेत किया था। महात्मा गांधी का यह विजन भारत की महान परंपरा से निकला है। हमारे लिए ग्रीन फ्यूचर, नेट जीरो कोई फैंसी वर्ड नहीं है, यह भारत की जरूरत है, सरकार का कमिटमेंट है। आज का भारत सिर्फ आज का नहीं बल्कि आने वाले एक हजार साल का बेस तैयार कर रहा है। हमारा मकसद सिर्फ टाप पर पहुंचना नहीं है, वहां टिके रहने की है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी जरूरत के लिए सोलर पावर, विंड पावर, न्यूक्लियर और हाइड्रो पावर के आधार पर भविष्य तैयार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने रूफटॉप स्कीम को यूनिक स्कीम बताते हुए कहा कि भारत का हरेक घर पावर प्रोड्यूसर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कहा कि इस योजना के तहत सवा तीन लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का काम पूरा भी हो चुका है। इसके परिणाम अद्भुत है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को बिजली बिल बचेगा और जो बचाएंगे उससे उन्हें 25 हजार रुपये कमाएंगे। 20 साल बाद 10-12 लाख रुपये की कमाई होगी। यह पैसा बच्चों की पढाई से लेकर शादी-ब्याह में काम आएंगे। यह 20 लाख रोजगार का जनक और पर्यावरण के संरक्षण का काम करेगा। पीएम मोदी ने मोढेरा का जिक्र कर सूर्य मंदिर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से सौर ऊर्जा गांव है। उन्होंने अयोध्या को सोलर मॉडल सिटी बनने की जानकारी दी। पीएम मोदी ने सोलर पावर संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मध्य प्रदेश के मुख्य मोहन यादव समेत 140 देशों के 25 हजार प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। 40 से अधिक सत्र, 5 पैनल चर्चा, 115 से अधिक बी टू बी मीटिंग आयोजित होगा।

# एडीजीपी आनंद जैन का फर्जी फेसबुक अकाउंट चिन्हित, अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू

**जम्मू, (हि.स.)।** पुलिस ने सोमवार को जम्मू जोन के एडीजीपी आनंद जैन के फर्जी फेसबुक अकाउंट को चिन्हित किया है और इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल अपराधियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना उन्हें देने की सलाह दी। एक बयान में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि मामले में गहन जांच चल रही है और जिम्मेदार व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने के लिए कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) के नाम का उपयोग करके एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है। यह धोखाधड़ी वाला कृत्य एक गंभीर उल्लंघन है और जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

पुलिस ने कहा कि इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल अपराधियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे इस तरह के साइबर अपराधों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। बयान में कहा गया है कि लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि हम नागरिकों से भी आग्रह करते हैं कि वे ऐसे किसी भी धोखाधड़ी वाले अकाउंट से न जुड़ें या उसका अनुसरण न करें। किसी भी आधिकारिक संचार या जानकारी के लिए कृपया जम्मू-कश्मीर पुलिस के सत्यापित और वैध सोशल मीडिया अकाउंट ही देखें।

# संदीप घोष और टाला थाने के पूर्व ओसी को स्वास्थ्य जांच के लिए ले गई सीबीआई





**कोलकाता, (हि.स.)।** आरजी कर मामले में गिरफ्तार मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाना के पूर्व ओसी (ऑफिसर-इन-चार्ज) अभिजीत मंडल को सोमवार को सीबीआई ने स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल भेजा। सीजीओ कॉम्प्लेक्स से दोनों को बहर निकालकर सियालदह के बीआर सिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई। इससे पहले रविवार को भी दोनों की स्वास्थ्य जांच हुई थी और बाद में सीबीआई ने उन्हें सियालदह अदालत में पेश किया था। आरजी कर अस्पताल की महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में अभिजीत को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया था। वह आरजी कर के वारदात के समय टाला थाने के ओसी थे, और यह अस्पताल टाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अभिजीत पर लापरवाही, जानबूझकर देरी करने और कर्तव्य के प्रति ढिलाई बरतने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। सीबीआई ने अदालत को बताया कि इस मामले में अभिजीत की भूमिका संदिग्ध है और इसमें एक बड़ी साजिश हो सकती है। जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया कि अभिजीत ने जांच की दिशा बदलने की कोशिश की। अदालत ने इसके बाद अभिजीत को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। संदीप घोष को पहले ही अस्पताल में वित्तीय घोटाले के मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह जेल हिरासत में थे। शनिवार को उन्हें दुष्कर्म और हत्या के मामले में भी हिरासत में लिया गया। उन पर भी कर्तव्य में लापरवाही और सबूत मिटाने की कोशिश करने के आरोप हैं।

इस घटना के बाद से ही अभिजीत की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। मृत डॉक्टर के परिवार ने एफआईआर दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाया था। इस बीच, अभिजीत को अन्य थाने में स्थानांतरित कर दिया गया और फिर वह बीमार हो गए। आरोप है कि वह कई अस्पतालों में गए, लेकिन किसी ने उन्हें भर्ती नहीं किया क्योंकि उनकी शारीरिक स्थिति भर्ती योग्य नहीं मानी गई। काफी जद्दोजहद के बाद उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। संदीप घोष के खिलाफ भी शुरू से ही लापरवाही के आरोप लगते रहे। आरजी कर के जूनियर डॉक्टरों ने उनके इस्तीफे की मांग की थी, क्योंकि उनका मानना था कि संदीप जांच को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें अन्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया और जूनियर डॉक्टरों के विरोध के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। लंबे समय तक सीबीआई ने संदीप को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पूछताछ के लिए बुलाया। बाद में उनका नाम वित्तीय घोटाले में भी सामने आया, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब दुष्कर्म और हत्या के मामले में भी सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार किया है।

# एलआईसी ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इंफोसिस को चुना




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म (मंच) के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इंफोसिस को चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस एलआईसी को ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण सुविधाएं प्रदान करेगा। इंफोसिस ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के साथ इंफोसिस ने सहयोग का समझौता किया है, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। इंफोसिस के मुताबिक इस समझौते के तहत वो एलआईसी के साथ मिलकर डिजिटल इनोवेशन एंड वैल्यू एन्हांसमेंट (डीआईवीई) नामक अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल को आगे बढ़ाया है। कंपनी ने बताया कि एलआईसी ने बैंकिंग, वित्तीय और बीमा क्षेत्रों में इंफोसिस की गहन विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए उस चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया है। कंपनी ने कहा कि इंफोसिस एलआईसी को एआई क्षमताओं के साथ turnkey system integration सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें Infosys Topaz और Infosys Cobalt की DevSecOps सेवाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इंफोसिस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना में सहायता करेगा और प्लेटफार्म के चालू होने के बाद निरंतर निगरानी और रखरखाव सुनिश्चित करेगा। उधर, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि हमारा इंफोसिस के साथ समझौता हमारे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह हमारी ऑपरेशनल क्षमताओं को बढ़ाएगा। मोहंती ने कहा कि हम इंफोसिस द्वारा प्रदान की जाने वाली नवीनतम तकनीकों, जिसमें क्लाउड और एंटरप्राइज एआई (अक) शामिल हैं, उनका उपयोग करके नवाचार और हमारी पेशकशों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# वंदे मेट्रो का बदला नाम, अब नमो भारत रैपिड रेल होगा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रेल मंत्रालय ने नवनिर्मित वातानुकूलित वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम बदलकर 'नमो भारत रैपिड रेल' करने का निर्णय किया है। रेल मंत्रालय ने आज मेट्रो ट्रेन का नाम बदलने की सूचना जारी की। नमो भारत रैपिड रेल छोटी एवं मध्यम दूरी की यात्रा को न्यूनतम समय में पूरा करेगी जबकि अन्य मेट्रो केवल छोटी दूरी तय करती हैं। नमो भारत रैपिड रेल शहरों को शहरों से जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भुज से अहमदाबाद के बीच भारत की पहली नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा, वह नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली सहित कई नमो भारत रैपिड रेलों एवं वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20-कोच वाली वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे।


# इंडी गठबंधन पर भाजपा ने साधा निशाना, कहा- यह भ्रम और विभाजन का गठबंधन है




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि यह भ्रम और विभाजन का गठबंधन है। सोमवार को सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह भ्रम और विभाजन का गठबंधन है। इंडी एलायंस सभी बंटे हुए हैं। इस गठबंधन का न तो कोई मिशन है और न ही विजन है। एक तरफ कांग्रेस कह रही है कि अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने की घोषणा एक नाटक है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को भ्रष्ट बता रहे हैं। तो दूसरी तरफ गठबंधन सहयोगी फारूक अब्दुल्ला इस कदम का जश्न मना रहे हैं। शहजाद पूनावाला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपना इस्तीफा सिर्फ मजबूरी में दिया है। क्योंकि वे जेल से बाहर आकर भी फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, दफ्तर नहीं जा सकते।

उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के मुख्यमंत्री को लालू-राबडी मॉडल के तौर पर सुनीता केजरीवाल को बनाने के लिए सभी विधायकों को मनाने में दो दिन और लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि यह एक नैतिक निर्णय है, लेकिन जब वह जेल के अंदर से मुख्यमंत्री थे तो 150 दिनों तक नैतिकता कहां थी?

# भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए अब कोई जगह नहीं : अमित शाह



**किश्तवाड़, (हि.स.)।** किश्तवाड में सोमवार को एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनसी और कांग्रेस कहती है कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि क्या अनुच्छेद 370 वापस होना चाहिए?... पहाड़ी और गुर्जर भाइयों को जो आरक्षण मिलता है, अनुच्छेद 370 बहाल होने पर वह नहीं मिल पाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि मैं कश्मीर का माहौल देख रहा हूं, न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी यहां सरकार बना रहे हैं। अनुच्छेद 370 अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। कश्मीर में कभी भी दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झंडे नहीं हो सकते। वहां केवल एक झंडा होगा और वह हमारा तिरंगा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने गुर्जरों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा लेकिन इससे गुर्जर प्रभावित नहीं होंगे और अब मोदी सरकार ने गुर्जर आरक्षण को छुए बिना पहाड़ियों को आरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि अब गुर्जरों और पहाड़ियों को आदिवासी आरक्षण मिला है, अब आपके बच्चे भी कलेक्टर और डीएसपी बन सकते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीन परिवारों के शासन को खत्म कर दिया और राज्य में पंचायती राज की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि बच्चे जल्द ही विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक विकसित जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज यानि सोमवार को जम्मू संभाग के पाडर, किश्तवाड़ व रामबन में रैलियों को संबोधित करने वाले हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव करेंगे प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ



**उज्जैन, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर मंगलवार को उज्जैन के चरक भवन में खुलने जा रहे प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव करेंगे। प्रातः 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित सांसद,विधायक,महापौर,निगम सभापति उपस्थित रहेंगे। जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव ललित ज्वेल ने सोमवार को बताया कि मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित शासकीय अस्पताल परिसर में प्रदेश रेडक्रास सोसायटी द्वारा एक-एक प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को सस्ती दवाईयां उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में उज्जैन के चरक अस्पताल में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा एक केंद्र खोला जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेक्शन सेंटर से प्रदेशभर के केंद्रों का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रातः 10 बजे से चरक भवन में एक आयोजन होगा। इसी आयोजन में उपस्थितजनमुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे शुभारंभ समारोह का सजीव प्रसारण देखेंगे और उद्बोधन सुनेंगे। चरक भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसदद्वय अनिल फिरोजिया एवं बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायकगण अनिल जैन कालूहेड़, सतीश मालवीय, डॉ.तेज बहादुर सिंह चौहान, जितेंद्र पण्ड्या, महेश परमार एवं दिनेश जैन बौस, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विवेक जोशी एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुण्डला अतिथि रहेंगे। केंद्र पर बिना लाभ-बिना हानि, दवाईयां विक्रय करने का समय प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक और अपरांह 3 से शाम 6 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम में रेडक्रास के सभी सदस्यगण सहित आमजन को उपस्थित रहने की अपील जिला रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन गोपाल माहेश्वरी, वायस चेयरमेन संजय नाहर, कोषाध्यक्ष विशालसिंह हाड़ा, प्रदेश प्रतिनिधि जगदीश अग्रवाल, जिला प्रबंध समिति सदस्य सुरेश जैन, डॉ.राकेश अग्रवाल, डॉ.एन.के.त्रिवेदी, हरिश शर्मा,डॉ.उत्तम मीणा, रवि राय ने की है।

**प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि की विशेषताएं** - ये दवाईयां गुणवत्ता के साथ बाजार में उपलब्ध दवाईयों से 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती है। मधुमेह, रक्तचाप, गैस्ट्रो आदि प्रमुख श्रेणियों की दवाईयां भी उपलब्ध है। इन केंद्रों पर विक्रय होनेवाली दवाईयों के प्रत्येक बैच का एनएबीएल प्रत्यातित लेब से परीक्षण करवाया जाता है। यहां शिलाजीत, अश्वगंधा,च्यवनप्राश स्पेशल, बच्चों के डायपर, सर्जीकल आयटम, बीपी/शुगर मापने की मशीन आदि सस्ते दामों पर उपलब्ध है। फूड प्रोडक्ट एफएसएसएआय अन्तर्गत आते हैं, ये भी उपलब्ध हैं।

**विशिष्ट श्रेणी की दवाईयां** - एंटीबायोटिक्स, एंटी इफेक्टिव, एंटी एलर्जिक, एंटी कैंसर, गैस्ट्रो आंत्र एजेंट, एंटी डायबिटिक, विटमिन और मिनरल्स,कार्डियोवैस्कुलर दवाएं,फूड सप्लीमेंट्स/न्यूट्रास्यूटिकल्स, एनाल्जेसिक और एंटीपायरेटिक, टोपिकल मेडिसिन्स आदि।

**सर्जीकल आदि उत्पाद** - मास्क, टांके, आथोर्पेडिक रिहैबिलिटेशन प्रोडक्ट्स, डायपर, सर्जिकल ड्रेसिंग, रबर ग्लास, सीरिंज और सुई, ऑक्सीमीटर, सैनिटरी नैपकिन, रैपिड एंटीजन टेस्ट कीट आदि।

# दिल्ली के लोग भाजपा से नाराज : सौरभ भारद्वाज



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज पूरी दिल्ली की जनता में भाजपा पार्टी के खिलाफ नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कल दिल्ली में जो घटना हुई, उससे न केवल देश बल्कि पूरा विश्व अचंभित है। भारद्वाज ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है और आज देशभर के लोग इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री किसी मामले में जमानत मिलने और जेल से बाहर आने के बाद खुद यह कह रहा है कि यदि आप लोगों को लगता है की मैं ईमानदार हूं तो आगामी चुनाव में मुझे वोट देना। उन्होंने कहा कि इस देश में बहुत से चुनाव लड़े जाते हैं। जाति के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं, धर्म के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं, भाषा के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन यह इतिहास का पहला ऐसा चुनाव होगा, जिसमें एक मुख्यमंत्री खुद कह रहा है कि इस बार ईमानदारी के नाम पर चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने ने कहा कि जहां एक तरफ केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीछे अपनी सारी जांच एजेंसियों को लगा रखा है, उन्हें बदनाम करने की कोई कसर नहीं छोड़ी, उसके बावजूद भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी दिल्ली की जनता पर पूरा विश्वास है और यही कारण है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता से कह रहे हैं कि यदि आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं तभी मुझे वोट देना। भारद्वाज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कल जब से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस बात का ऐलान किया है, तब से ही पूरी दिल्ली में बसों में, गली मोहल्ले में, मेट्रो में हर जगह इस बात की चर्चा हो रही है, कि भाजपा ने अपनी सारी जांच एजेंसियों के माध्यम से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जो षड्यंत्र रचा, उनको फंसाने की जो साजिश की गई, उन्होंने अकेले केंद्र सरकार से लड़कर सच्चाई की यह जंग जीती और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया कि मैं जनता की अदालत में जाऊंगा, जनता के बीच जाऊंगा और यदि दिल्ली की जनता चाहेगी तभी मैं इस मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दोबारा बैठूंगा।

# राज्यसभा चुनाव मामला : हिमाचल हाईकोर्ट ने खारिज की सांसद हर्ष महाजन की अपील, दो हफ़्ते में मांगा जवाब

**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के चुनाव को चुनौती देने में मामले में सोमवार को प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट से हर्ष महाजन को झटका लगा है। हाईकोर्ट ने हर्ष महाजन की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका को निरस्त करने वाली अपील खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका को निरस्त करने से इंकार कर दिया है। साथ ही हर्ष महाजन को दो सप्ताह में जवाब देने के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश हाईकोर्ट में हर्ष महाजन के अधिवक्ता विक्रांत ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपील दायर कर कोर्ट से यह आग्रह किया था कि अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका मैंडेटेबल नहीं है। लेकिन न्यायालय ने अपील को स्वीकार नहीं की है और अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा दायर याचिका पर दो सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा गया है। बता दें हिमाचल प्रदेश में बीते 27 फरवरी को राज्यसभा का चुनाव हुआ, कांग्रेस के पास प्रचंड होने के बावजूद भी भाजपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी। हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के पास 40 विधायक और भाजपा के 25 जबकि तीन



निर्दलीय विधायकों का सरकार को समर्थन था। लेकिन राज्य सभा चुनाव में छह कांग्रेस व तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया है और चुनाव में दोनों उम्मीदवारों को बराबर 34- 34 मत मिले। जिसके बाद निर्वाचन आयोग ने पर्ची प्रकिया अपनाई जिसमें भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने जीत दर्ज की। इसी पर्ची सिस्टम को अभिषेक मनु सिंघवी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। मतदान में बराबरी के बाद पर्ची से निकाले गए परिणाम पर सवाल उठाते हुए सिंघवी ने चुनाव रद्द करने की हाईकोर्ट में गुहार लगाई। अभिषेक मनु सिंघवी का कहना है कि पर्ची जिस प्रत्याशी की निकलती है उसे हारा हुआ करार देने की धारणा कानूनी रूप से न्यायसंगत नहीं है।

# टैंकर और तूफान गाड़ी की टक्कर से 8 लोगों की मौत

**सिरोही ( हिंस )।** उदयपुर-पालनपुर फोरलेन हाईवे (एनएच-27) पर पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में कैंटल पुलिया के पास रविवार रात रांग साइड आ रही तूफान गाड़ी टैंकर से टकरा गई। हादसे में तूफान में सवार 8 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। तूफान गाड़ी में सवार सभी लोग उगनासार (उदयपुर) से सिरोही होते हुए पाली के नाकोड़ा मंदिर में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। कैंटल पुलिया के पास तूफान गलत साइड में जाकर सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। पिंडवाड़ा थाना अधिकारी, पिंडवाड़ा डीएसपी भंवरलाल चौधरी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी से घायलों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को पिंडवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सिरोही जिला अस्पताल रेफर किया गया। सिरोही के एडिशनल एसपी प्रभु दयाल धानिया ने बताया कि तूफान गाड़ी रांग साइड में आ रही थी जो सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। गाड़ी में 29 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत हो गई। 16 लोग घायल हैं। पांच लोग सुरक्षित हैं। हादसे में सूरजमल (40), झाला और 6 अन्य की मौत हो गई। सिरोही जिला



अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र महात्मा ने बताया कि घायलों में करण (30), रोशन (30), कानीबाई (35), प्रमोद (35), केशुलाल (45), लक्ष्मी (25), सुगना (10), उरीबाई (50), भंवरलाल (38), राजू (24), रमेश (25), सुगता (16), रामलाल (22), मोहन (25), सुरेश (20) और लाली शामिल हैं। सभी उदयपुर के रहने वाले हैं। सांसद लुंबाराम चौधरी और पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया ने सिरोही जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों के हालचाल जाने। सिरोही कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि हाईवे खुल चुका है और स्थिति नियंत्रण में है। दो गंभीर घायलों को उदयपुर रेफर कर रहे हैं। हादसे की जांच करेंगे। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसकी पूरी कोशिश करेंगे।

## राहुल गांधी के डीएनए में ही आरक्षण विरोधी नीतियां है : सम्राट चौधरी

**पटना ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को आरक्षण को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर तंज कहते हुए कहा कि उनके डीएनए में ही आरक्षण विरोधी नीतियां हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर लोकतंत्र का न केवल मजाक उड़ाने का काम किया, बल्कि संविधान में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर द्वारा दिए आरक्षण का भी मजाक उड़ाया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी के पिताजी राजीव गांधी ने जब मंडल कमीशन आया तब उसका विरोध किया। पूरा गांधी परिवार ने ही समय-समय पर आरक्षण का विरोध किया। कांग्रेस अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का काम कभी आंध्र प्रदेश में तो कभी कर्नाटक में करती है। कांग्रेस एक्सपोज हो चुकी है, यही कारण है कि जनता ने सही फैसला लेते हुए तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते रहे हैं कि इस देश में जब तक मोदी की सरकार है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता है।

# पूर्व सीएम की पोती को बनाया बंधक, 6 राउंड चलाई गोली

**पूर्णिया ( हिंस )।** पूर्णिया में पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की पोती मेघा को उसके पति मनोहर कुमार झा ने तीन घंटे तक बंधक बना लिया। घटना के हाट थाना क्षेत्र के डीआईजी चौक की है। मनोहर ने घर के दरवाजे पर छह राउंड फायरिंग की, जिससे आसपास के लोग डर कर भाग गए। इसके बाद वह घर में घुसा और दरवाजा अंदर से लॉक कर लिया। घर में मेघा की मां भी मौजूद थी। दस साल पहले मेघा ने सुखसेना गांव निवासी मनोहर से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद मनोहर अपनी पत्नी के मायके में ही रह रहा था। मेघा की मां ने दो बार व्यवसाय के लिए पैसे दिए, लेकिन नशे की लत के कारण वह सफल नहीं हो सका। रिश्ते में तनाव आने के बाद मनोहर ससुराल से चला गया था और दो साल बाद वापस आया। मनोहर ने कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ रहना चाहता है और बात करने आया था। जब पत्नी ने बात करने से इनकार किया, तो उसने हथियार निकाल लिया। उसने कहा कि वह अब जेल में रहना चाहता है और उम्रकैद की सजा चाहता है।




घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार और के हाट थाना अध्यक्ष कौशल कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घर की घेराबंदी की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मनोहर हाथ में पिस्टल लेकर घर के सामने आया और हवाई फायरिंग की। मनोहर ने बताया कि उनके बीच जातिगत कारणों से तनाव था। वह दलित है और मनोहर ब्राह्मण। उसने कहा कि वह खुद को मारने आया था और उसने खुद पर केरोसिन भी छिड़का था। उसका मकसद पत्नी और सास से बात करना था। लड़की की फुआ सुशीला भारती ने बताया कि दोनों की मुलाकात ट्यूशन के दौरान हुई थी। 2014 में दोनों की शादी हुई, लेकिन रिश्ता दो साल भी नहीं चल सका। लड़की की मां ने दोनों को बसाने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन नशे की लत के कारण सफलता नहीं मिली। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि मौके से छह खोखे बरामद हुए हैं। मनोहर ने मुंगेर से पिस्टल खरीदी थी। उन्होंने कहा कि लड़के की काउंसलिंग की आवश्यकता है। दोनों के बीच तलाक का मामला भी कोर्ट में चल रहा है। जमीन विवाद और जातिगत मुद्दों के कारण मनोहर मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया।

## सड़क किनारे बैठे लोगों को पिकअप ने रौंदा, चार की मौत पांच घायल

**संभल ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में सोमवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां रजपुरा थाना क्षेत्र में सड़क किनारे बैठे नौ लोगों को एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने रौंद डाला। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा। पुलिस उपाधीक्षक गुन्नौर गणेश कुमार ने बताया कि जनपद के रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर गवां मार्ग पर सोमवार सुबह कुछ लोग सड़क किनारे बैठे थे। इस दौरान अनूपशहर की तरफ आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के मिलते ही थाना प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने भोपतपुर पक्के की मढैया निवासी लीलाधर पुत्र यादराम, ओमपाल पुत्र प्रेमपाल, पूरन पुत्र सुखराम, धारामल पुत्र अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि छह माह के मासूम बच्चे समेत पांच लोगों को गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक कृष्णा विश्नोई ने बताया कि एक बोलेरो पिकअप द्वारा सड़क किनारे बैठे एक ही परिवार के लोगों पर टक्कर मार दी गई है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। एक मासूम बच्चे समेत परिवार के पांच लोग घायल हैं जिनका बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया है। जिलाधिकारी ने घायलों का हालचाल जाना है। चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है। हादसे में चालक को पकड़ लिया गया है। हादसे में वह भी चोटिल हुआ है। हादसे में मृत लोगों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शाहपुरा व जहाजपुर सहित जिले में बाजार बंद, सहमति के बाद समाप्त हुआ था धरना

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में लगातार तीसरे दिन भी बाजार बंद रहे, हालांकि रविवार देर रात हिंदू संगठनों और प्रशासन के बीच सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। सोमवार को बारावफात के चलते सर्व हिंदू समाज के बिना किसी अधिकारिक आह्वान के भी स्वैच्छिक बंद है। बंद शाहपुरा जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में है। बंद केवल जुलूस निकलने तक ही रखा गया है। इस बंद का असर शाहपुरा जिला मुख्यालय के अलावा खजुरी, शक्करगढ़, पीपलूंद और काछोला जैसे आसपास के कस्बों में भी देखा गया। लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। जहाजपुर में एकादशी पर धार्मिक जुलूस के दौरान हुए पथराव की घटना के बाद से ही तनाव बना हुआ था। इस घटना के बाद पीतांबर राय भगवान का बेवान, जिसे किले पर ले जाना था, अस्थायी रूप से आज कल्याणराय जी के मंदिर में रखा गया। प्रशासन और हिंदू संगठनों के बीच सहमति बनने तक अगले तीन दिन तक बेवान को यहीं रखा गया है। प्रशासनिक जांच के बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा। रविवार रात के दौरान




हुए धरना प्रदर्शन के दौरान हिंदू संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। इसके तहत, अवैध केबिनों और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया और स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की गई। सहमति के दौरान प्रशासन ने यह भी घोषणा की है कि अवैध धार्मिक स्थलों की जांच की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि जांच पूरी होने तक पीतांबर राय भगवान का बेवान अगले तीन दिन तक कल्याणराय जी के मंदिर में ही रहेगा। इस जांच के बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा। शाहपुरा जिला मुख्यालय और जहाजपुर कस्बे में स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत, एसपी राजेश कुमार कांवट, एडिशनल एसपी चंचल मिश्रा और डीवाईएसपी अजीत सिंह मेघवंशी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। सभी प्रमुख इलाकों में पुलिस का गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। आज शाहपुरा में बारावफात का जुलूस निकाला जाएगा, जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। हर प्रमुख इलाके में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं और लोगों से शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई है। दूसरी ओर, जहाजपुर में बारावफात के जलसे को लेकर उपखंड प्रशासन ने पहले ही इसे निरस्त कर दिया था। यह निर्णय इलाके में सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए लिया गया ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। जहाजपुर में पथराव की घटना के बाद से हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त था। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता और जल्द कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित किया गया है। हिंदू संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए, अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे धरना समाप्त हुआ। प्रशासन का कहना है कि अवैध धार्मिक स्थलों की जांच जल्द पूरी की जाएगी और इसके बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा। जहाजपुर और आसपास के कस्बों में पिछले तीन दिनों से बाजार पूरी तरह बंद हैं। इस बंद के कारण स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन लोगों ने स्वेच्छा से बंद का समर्थन किया है। बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग अपने घरों में ही रहकर स्थिति का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जांच प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है और जल्द ही अवैध धार्मिक स्थलों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इससे इलाके में शांति और सौहार्द्र लौटाने की उम्मीद है। हिंदू संगठनों और स्थानीय प्रशासन के बीच बातचीत के बाद स्थिति को सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। स्थानीय समुदाय के नेताओं से भी बातचीत की जा रही है ताकि सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इलाके में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## उपलब्धियां भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता में विश्वास पैदा करती हैं : आनंदीबेन

**लखनऊ ( हिंस )।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल व विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सभी विद्यार्थियों को दिल से बधाई दी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों की असाधारण उपलब्धियों की सराहना की। विशेष रूप से पुरस्कार समारोह को उजागर किया जिसमें 106 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये उपलब्धियां भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता में विश्वास पैदा करती हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि जिन विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता से पुरस्कार प्राप्त किए। उन्होंने असाधारण समर्पण और उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। राज्यपाल ने प्रारंभिक उम्र से ही रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, यह देखते हुए कि प्राथमिक स्कूल के बच्चे भी अद्वितीय प्रगति दिखा रहे हैं।




आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों की भूमिका राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण है और उन्होंने शहर में विशेषकर सूचना और क्वांटम प्रौद्योगिकी में हो रही प्रगति की सराहना की। ये नवाचार अपेक्षाओं को पार करेंगे और भारत के लिए एक नए युग का आगमन करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि भविष्य की प्रगति व्यक्तिगत देशों के बीच प्रतिस्पर्धा द्वारा नहीं बल्कि राष्ट्रों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों द्वारा परिभाषित होगी। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को मनाने और साझा करने के प्रति समर्पण की सराहना की। शिक्षा, विशेषकर लड़कियों के लिए, के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उन विद्यार्थियों को बधाई दी जिन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किए और विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों के मार्गदर्शन और समर्थन की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री की योजनाओं के तहत प्राप्त 100 करोड़ के समर्थन का भी उल्लेख किया, जो विश्वविद्यालय में शोध और विकास के लिए उपयोग किया जाएगा। राज्यपाल जी ने डॉ. विजय पांडुरंग भटकर के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और शिक्षा में कुशल मार्गदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने स्नातकों को अपने ज्ञान का सार्थक और सकारात्मक तरीके से उपयोग करने, समाजिक विकास और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, प्रदूषण रोकथाम और सतत विकास जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए नवाचारपूर्ण समाधानों की आवश्यकता की बात की। उन्होंने महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को याद रखने की अपील की और अपने समुदायों और उससे आगे महत्वपूर्ण प्रभाव बनाने की दिशा में प्रयास करने की सलाह दी।

## मनोहर लाल ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश कौशिक को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओ को दिया जीत का मंत्र

**झज्जर ( हिंस )।** विधानसभा चुनाव को लेकर हलका बहादुरगढ़ में भाजपा ने कमर कस ली है। भाजपा प्रत्याशी दिनेश कौशिक के समर्थन में सोमवार को हरि गार्डन वाटिका में जनसभा हुई। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिकरत करते हुए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच जाकर पिछले 10 साल में भाजपा सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी नीतियों को गिनवाते हुए भाजपा उम्मीदवार दिनेश कौशिक को बहादुरगढ़ हलके से रिकार्ड वोटों से जीत दिलायें। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोगों का विश्वास भाजपा में है और हमें बहादुरगढ़ से पार्टी उम्मीदवार दिनेश कौशिक को जिताना है। मनोहर लाल का जनसभा में पहुंचने पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक, जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भाजपा प्रत्याशी दिनेश कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र दलाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मबीर वर्मा व वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा आदि ने बुक्का भेंट कर स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी दिनेश कौशिक, उनकी धर्मपत्नी ममता ने शॉल व गदा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा प्रत्याशी दिनेश कौशिक ने 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में बहादुरगढ़ हलके में कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद वह हलके के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं हलकावासियों को उपलब्ध करवायेंगे। सबको साथ लेकर क्षेत्र के विकास में सहभागी बनेंगे। मनोहर लाल ने कहा कि जनता जर्नादन के आशीर्वाद से तीसरी बार प्रचंड जीत के साथ भाजपा की सरकार हरियाणा प्रदेश में बनेगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का विकास और गति से होगा। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और तीसरी बार भी प्रदेश की जनता भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है। हमें सबको साथ लेकर गले-शिकवे भुलाकर कमल का फूल खिलाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जोश व उत्साह भरते हुए कहा कि वे अब भाजपा की जीत को बड़ी जीत में बदलने के काम में जुट जाएं। मनोहर लाल ने कांग्रेस को भी खूब घेरा।

## फतेहाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी की जुबान फिसली चश्मे का बटन दबाने की कर दी अपील

**फतेहाबाद ( हिंस )।** फतेहाबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार बलवान सिंह दौलतपुरिया भले ही अब कांग्रेस टिकट पर मैदान में हों लेकिन अभी भी वह अपनी पुरानी पार्टी इनेलो को नहीं भूले हैं। एक चुनाव सभा में वोट मांगने के दौरान उनकी जुबान फिसल गई और पंजा की बजाय चश्मा का बटन दबाने की अपील कर बैठे। बाद में उन्होंने समर्थकों के टोकने पर अपनी गलती सुधारी। फतेहाबाद विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार बलवान सिंह दौलतपुरिया इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) छोड़ कर आए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी दौलतपुरिया कई बार चश्मे के सामने वाला बटन दबाने की बात कही। मंच पर बैठे बलवान सिंह के समर्थकों ने उनका कुर्ता खींचकर उन्हें गलती की याद दिलाई। बलवान सिंह दौलतपुरिया को फिर भी समझ नहीं आया। उनके समर्थकों ने उनसे कहा कि आप इनेलो के लिए वोट मांग रहे हैं और आप कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस प्रत्याशी बलवान दौलतपुरिया लंबे समय से इनेलो में हैं। बलवान सिंह दौलतपुरिया 2014 से 2019 तक इनेलो से विधायक रहे। वर्ष 2019 के चुनाव से पहले उन्होंने इनेलो छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने भाजपा



छोड़ दी और कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस बार कांग्रेस ने उन्हें फतेहाबाद से टिकट दिया है। फतेहाबाद में पिछले सात साल से मौजूदा भाजपा विधायक दुड़ाराम और बलवान सिंह दौलतपुरिया के बीच कांटे की टक्कर रही है। वर्ष 2014 में इनेलो से टिकट पाकर बलवान सिंह दौलतपुरिया ने तत्कालीन हजकां प्रत्याशी दुड़ाराम को 3500 से अधिक वोटों से हराया था। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भी बलवान सिंह भाजपा के टिकट के प्रबल दावेदार थे। मगर ऐन वक्त पर दुड़ाराम भाजपा से टिकट पाने में बाजी मार गए। इस कारण दौलतपुरिया का टिकट कट गई।

## टेक्नोलॉजी के प्रति जाग्रति लाने के उद्देश्य से कराएंगे *दा टेक रेवोलुशन बाय एन्ग्रामर्स*

**बीकानेर ( हिंस )।** एंग्रामर्स इंस्टिट्यूट ने छात्रों एवं युवाओं के लिए 12 दिनों का कंप्यूटर कोर्स लांच किया है जिसे *दा टेक रेवोलुशन बाय एन्ग्रामर्स* नाम दिया गया है। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य बीकानेर के युवाओं के बीच टेक्नोलॉजी के प्रति जाग्रति लाना है। सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग एवं मेंटर पुखराज प्रजापत व एंग्रामर्स इंस्टिट्यूट के मार्केटिंग एवं ऑपरेशन डायरेक्टर हिमांशु व्यास ने संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि देखा गया है कि आज सारा विश्व टेक्नोलॉजी के आधार पर ही कार्य कर रहा है मनोरंजन से लेकर व्यापार एवं परिवार से लेकर समाज को जोड़ने तक का काम टेक्नोलॉजी के द्वारा संभव हो रहा है। टेक्नोलॉजी तेजी से विस्तार लेती जा रही है और इसी कड़ी में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस पर भी काम होने लगा है। लेकिन दुर्भाग्यवश बीकानेर के युवाओं में टेक्नोलॉजी के प्रति जाग्रति का अभाव देखने को मिलता है जिसके कारण वो इसमें करियर बनाने का सही से निर्णय नहीं कर पाते, जबकि टेक्नोलॉजी का विस्तार जिस तरह से हो रहा है उस हिसाब से इसमें जॉब एवं बिजनस की असीम संभावनाएं हैं। *दा टेक रेवोलुशन बाय एन्ग्रामर्स* के अंतर्गत छात्रों को 12 दिनों में टेक्नोलॉजी की दुनिया के अलग अलग विषयों के बारे में अवगत करवाया जाएगा एवं इसका सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा। ये कोर्स पूर्णरूप से निशुल्क होगा। 12 दिनों के इस कोर्स में अपने अपने क्षेत्र में महारथी विशेषज्ञ इस कोर्स के दौरान छात्रों को टेक्नोलॉजी के रहस्यों से अवगत करवाएंगे। *दा टेक रेवोलुशन बाय एन्ग्रामर्स* दिसंबर 2024 तक कई सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिसकी छात्रों को मीडिया एवं सोशल मीडिया पर समय समय पर जानकारी दी जायेगी। इसका पहला बैच 23 सितंबर 2024 से शुरू होगा,




एंग्रामर्स इंस्टिट्यूट की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर इसमें पंजीकरण किया जा सकता है। प्रजापत कंप्यूटर मशीन, प्रोग्रामिंग, वेब टेक्नोलॉजी, डेवलपमेंट, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस आदि विषयों को पढ़ाएंगे। प्रोग्रामिंग, सॉफ्टवेर डेवलपमेंट में आगे बढ़ने एवं करियर बनाने से संबंधित जानकारी जावा डेवलपर मधुर व्यास देंगे। यूजर एक्सेरिएंस (युएक्स) इंजीनियरिंग के बारे में प्रोडक्ट इंजिनियर जीतेन्द्र व्यास पढ़ाएंगे। डिजाईन एवं यूजर इंटरफेस के बारे में हिमांशु व्यास पढ़ाएंगे। जॉब पाने के लिए इंटरव्यू स्किल्स, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में करियर डेवलपमेंट एवं सॉफ्ट स्किल्स की टेक्नोलॉजी करियर में भूमिका के लिए शहर के प्रसिद्द टेक्नोलॉजी इंटरप्रेन्योर मधुर खत्री एवं रोहित गहलोत छात्रों का मार्गदर्शन देंगे। समय समय पर विभिन्न प्रकार के विषयों से संबंधित कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेगी, जिसका छात्रों को विशेष लाभ होगा 7 प्रजापत ने बताया कि इस कोर्स को लगभग 1 साल के अध्ययन के बाद बनाया गया है। हिमांशु व्यास ने बताया की एंग्रामर्स के इस कदम की सराहना बीकानेर शहर के दिग्गज लोगों ने की है जिसमें राजस्थान सरकार के जनसंपर्क एवं सूचना अधिकारी हरी शंकर आचार्य, अमेरिका निवासी अरुण आचार्य, सॉफ्टवेर व्यवसायी राजू सिंह, विप्र सेना के राष्ट्रिय सलाहकार गोपाल जोशी, नेओलोगिक्स टेक्नोलॉजी के राजीव माथुर, ड्युन्स फैक्ट्री के पुनीत चौधरी, बिजनस डेवलपमेंट मेनेजर अमन आचार्य, बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज के अवधेश व्यास, विजय मोहन व्यास, राकेश पुनिया, ऋतू राज सोनी, पेटीम में पूर्व कर्मचारी सौरभ जोशी एवं डॉक्टर चक्रवर्ती नारायण श्रीमाली आदि शामिल है।

संपादकीय

# केजरीवाल को जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं। जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिरा तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

> केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण–दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है।

### कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

ललित गर्ग

> प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति–उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल–डाल, मैं पात–पात की कशमकश जोरों से चल रही है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा। हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस



के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे। हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है। भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है। पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है।

दृष्टि कोण

# राजनीति के साथ दिलों को जीतने का हुनर

समय से पहले चले जाने वाली किसी असाधारण शख्सियत पर लिखना वास्तव में बहुत कठिन होता है। पांच दशकों तक सक्रिय राजनीतिक जीवन में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर अपनी छाप छोड़ने वाले सीताराम येचुरी केवल 72 वर्ष के ही थे। 12 सितंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से उनकी दुखद मृत्यु की खबर बड़े झटके जैसी थी। देश भर से शोक व्यक्त करने हेतु लोगों द्वारा सीताराम येचुरी के साथ जिस तरह से अपने अपने फोटो पोस्ट किये जा रहे हैं वह पुष्टि करता है कि वे जहां भी गए वहीं दिलों पर अपनेपन की छाप छोड़ आए। इन पंक्तियों के लेखक के उनसे समकालीन साथी के तौर पर 50 वर्ष सरोकार रहे। सीताराम येचुरी जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष बने। साल 1975 में आपातकाल का विरोध करने पर दोनों गिरफ्तार हुए। पार्टी की जिम्मेदारियों के चलते साथ काम करने की लंबी अवधि गुजरी।

सीताराम येचुरी बहुप्रतिभावान व्यक्तित्व थे। उत्कृष्ट वामपंथी नेता, प्रखर विचारक, संवैधानिक बारीकियों के ज्ञाता थे। राज्य सभा में अपने बेहतरीन योगदान के लिए 2017 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से नवाजा गया। कम्युनिस्टों की जो कट्टरता वाली परंपरागत छवि गढ़ कर बनाई जाती है उसको बदलते हुए एक असल उदारतावादी और मानवीय सरोकारों वाली पहचान स्थापित करने का श्रेय उन्हें अवश्य जाता है। बता दें कम्युनिस्टों को धर्म के विरुद्ध बताकर विभिन्न धर्मों में आस्था रखने वाले लोगों के बीच उनकी छवि अकसर कट्टरवादी के रूप में गढ़ी जाती रही।

येचुरी ने बीते दिनों अपने संबोधन में धर्म और राजनीति के बीच आवश्यक दूरी को जरूरी बताया था। उनके मुताबिक, 'धर्म और राजनीति के बीच में एक रेखा होती है। उसे लक्षमण रेखा माना जाना चाहिए। यदि उसका उलंघन होता है तो वह न केवल राजनीति बल्कि धर्म के लिए भी हानिकारक है। वे आगे कहते हैं कि धर्म हर व्यक्ति का निजी मामला होता है। धर्म आत्मा और परमात्मा के बीच का संबंध है। किस व्यक्ति का परमात्मा कौन है वह केवल उस व्यक्ति की आत्मा जानती है। आत्मा और परमात्मा के बीच में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं।'

कम्युनिस्ट होते हुए रामायण व महाभारत जैसे भारतीय पौराणिक ग्रंथों के लोकप्रिय संदर्भों को निकाल कर उन्हें समकालीन परिस्थितियों के साथ जोड़ कर प्रासंगिक बनाने में सीताराम येचुरी को महारत हासिल थी। भारतीय संविधान की बुनियादी प्रस्थापनाओं और सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर की गई समीक्षाओं को आधार बनाकर मौजूदा संदर्भों में व्याख्या करने के मामले में सीताराम येचुरी को संसद के भीतर और बाहर कोई हल्के में नहीं ले सकता था। राज्य सभा में जनतंत्र, आर्थिक स्थिति, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय संप्रभुता, केन्द्र-राज्य संबंधों के स्वरूप और एक स्वतंत्र विदेश नीति को लेकर उनके भाषण आने वाले चुनौतीपूर्ण दौर में धरोहर से कम नहीं।

सीताराम येचुरी की शख्सियत की तीसरी खासियत यह थी कि वे राजनीतिक दलों के बीच तालमेल बिठाने के एक ऐसे शिल्पकार थे जिसकी स्वीकार्यता सर्वमान्य रही। हाल की जटिलतम राजनीतिक परिस्थितियों में विभिन्न विचारधाराओं वाले दलों को साथ लाकर इंडिया गठबंधन की स्थापना करने जैसे कठिन काम को अंजाम देने में सीताराम येचुरी की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। वैचारिक स्पष्टता और वचनबद्धता उनमें ऐसे गुण थे जिनकी बदौलत उन्हें अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच एक विश्वसनीयता प्राप्त थी।

प्रकाश करात और सीताराम येचुरी उस नई पीढ़ी के नेता थे जिन्होंने राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के पुरोधा ईएमएस नंबूदरीपाद, ज्योति बसु, हरकिशन सिंह सुरजीत सरीखे कद्दावर नेताओं से जिम्मेदारी धारण करने का साहस दिखाया और इस दायित्व को बखूबी निभाया भी। कम्युनिस्ट पार्टियों में ऐसा इसलिए संभव हो पाता है कि ये पार्टियां सामूहिक कार्यपद्धति से संचालित होती हैं। हिंदी व अंग्रेजी में एक समान दक्षता से लिखने व बोलने वाले सीताराम येचुरी तेलुगू भाषी परिवार में पैदा हुए थे। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वह लोकप्रिय वक्ता के रूप में जाने जाते थे। अर्थशास्त्र के विषय में उन्होंने स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री बतौर टॉपर सेंट स्टीफंस कॉलेज से की और जेएनयू में पीएचडी में प्रवेश लिया।

कुछ अलग

# मरीजों की फिक्र

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। क्यों कलकत्ता हाईकोर्ट को मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। आखिर क्यों इस मामले में अभियुक्त व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल की गिरफ्तारी के बाद भी आक्रोशित डॉक्टरों का भरोसा नहीं लौट रहा है। निस्संदेह, ये हालत शासन-प्रशासन की कारगुजारियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने से भी बात बनती नजर नहीं आ रही है। लेकिन एक बात तो साफ है कि सरकार व हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों में टकराव की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है।

देश दुनीया से

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः विमर्श के विषय

> अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुत : बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे–बट्टे थे।

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था Except Jammu and Kashmir- जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था "प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।" 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- "अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं।" कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक Bomb Toy है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प "एक देश, एक विधान, एक प्रधान" के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलेपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हज़ार आवासों का निर्माण हो गया है।

आप का नजरीया

# बुढ़ापे का सुरक्षा कवच

ऐसे वक्त में जब भारतीय परिवारों के स्वरूप में बदलाव के बाद करोड़ों बुजुर्ग एकाकी जीवन बिता रहे हैं और उनके पास महंगे इलाज के लिये पर्याप्त जमा पूंजी नहीं है, वे अब भविष्य की चिंताओं से कुछ मुक्त हो सकते हैं। निस्संदेह, बुढ़ापा भी अपने आप में एक रोग है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग कहते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है। केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। कहा जा रहा है कि करीब साढ़े चार करोड़ परिवार इस योजना में शामिल होंगे। इन परिवारों के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। बहुत संभव है कि इस समय जब कुछ राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तो इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भाजपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणापत्र में वायदा किया था कि सरकार बनने के बाद आयुष्मान भारत योजना के दायरे को बढ़ाकर इसमें सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया जाएगा। अब चाहे उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। अब इस योजना के तहत उन्हें अलग से कार्ड जारी किए जाएंगे। निश्चित रूप से देश में सामाजिक रूप से तेजी से बदलाव आ रहा है। संयुक्त परिवारों की जगह अब एकल परिवार ले रहे हैं। बच्चे सीमित संसाधनों व अन्य कारणों से अपने बुजुर्ग माता-पिता का पूरी तरह ख्याल रखने में सक्षम नहीं दिखते। ऐसे में वृद्धों के लिये यह कदम सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जो कमजोर वर्ग के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले रहे थे, उन्हें पांच लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। वहीं योजना के विस्तार में प्रावधान है कि यदि परिवार में 70 साल के दो बुजुर्ग हैं तो इस योजना का लाभ उन्हें साझा रूप में मिलेगा। वहीं दूसरी ओर सत्तर साल से अधिक उम्र के वे वरिष्ठ नागरिक जो पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं तथा दूसरी सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी पुरानी योजना या नई योजना का विकल्प चुन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना का व्यय केंद्र व राज्य सरकारें मिल कर उठाती हैं। वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ निजी व राजकीय अस्पतालों में ले सकते हैं। वहीं सरकार की ओर से बताया गया है कि जो सत्तर साल से अधिक के नागरिक प्राइवेट बीमा योजना या फिर राज्य कर्मचारी बीमा योजना का लाभ ले रहे हैं, वे भी नई योजना का लाभ लेने के अधिकारी होंगे।




# बांग्लादेश में दो पूर्व मंत्री समेत चार गिरफ्तार

**ढाका।**
बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अवामी लीग के नेताओं की धरपकड़ जारी है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने कल रात राजधानी से पूर्व संस्कृति मंत्री असदुज्जमां नूर और पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटन राज्यमंत्री महबूब अली को गिरफ्तार कर लिया।

ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, रविवार रात असदुज्जमां नूर को बेली रोड से और महबूब को सेगुनबागीचा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मलिक ने कहा कि असदुज्जमां नूर को मीरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में रात करीब 11: 00 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि असदुज्जमां ने 2001 से संसद में अवामी लीग का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में 12वें संसदीय चुनाव में उन्हें निलफामारी-2 के लिए संसद सदस्य के रूप में चुना गया।

नूर ने 2014 में संस्कृति मंत्री की भूमिका निभाई। महबूब अली 2014 और 2018 में दो बार हबीगंज-2 से अवामी लीग के लिए संसद सदस्य चुने गए। पुलिस उपायुक्त मोहम्मद तालेबुर रहमान ने कहा कि महबूब अली को जतराबारी पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया गया।

प्रोथोम अलो के अनुसार, पांच अगस्त को छात्र-जन विद्रोह में अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से अब तक कम से कम 27 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। बांग्लादेश के ही समाचार पत्र द डेली स्टार ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के कानूनी और मीडिया विंग के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल मुनीम फेडौस के हवाले से राजशाही-4 के पूर्व विधायक इनामुल हक को आज ढाका के अदबोर इलाके से गिरफ्तार करने की खबर दी है।

उन्हें पांच अगस्त को राजशाही में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर हमले को लेकर बाघमारा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा मदारीपुर जिला अवामी लीग के अध्यक्ष शहाबुद्दीन अहमद को भी बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने कुमिला में बिबीर बाजार सीमा से गिरफ्तार किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### फजलुर रहमान को भरोसे में न लेने पर नवाज शरीफ सरकार से नाराज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने संवैधानिक संशोधन के संबंध में अपनी सरकार की रणनीति पर नाराजगी व्यक्त की है। वह रविवार को लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनकी राष्ट्रपति जरदारी और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (फजल) के नेता मौलाना फजलुर रहमान के साथ मुलाकात भी तय कराई। बावजूद इसके नवाज ने दोनों से मुलाकात नहीं की। आज वह लाहौर पहुंच गए। खबर में कहा है कि नवाज शरीफ ने कहा है कि सरकार को संशोधन पर आगे बढ़ने से पहले फजलुर रहमान को विश्वास में लेना चाहिए था। जियो न्यूज ने इस घटनाक्रम पर कहा है कि संभवतः नवाज शरीफ की नाराजगी के मद्देनजर ही आज दोपहर साढ़े 12 बजे विभिन्न नेताओं ने मौलाना फजलुर रहमान से मुलाकात की। इस राजनीतिक घटनाक्रम के केंद्र में दक्षिणपंथी नेता और मौलाना फजलुर रहमान का इस्लामाबाद स्थित आवास आ गया है। रविवार देररात उनसे मिलने प्रमुख राजनीतिक हस्तियां पहुंचीं। इनमें अवाम पाकिस्तान पार्टी के प्रमुख शाहिद खाकन अब्बासी, मिफ्ताह इस्माइल, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती, पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक कक्कड़, अब्दुल गफूर हैदरी और कामरान मुर्तजा प्रमुख हैं।

### ओली सरकार का घटक दल नेपाली कांग्रेस चीन की नीति से खफा

**काठमांडू।** नेपाल की केपी ओली सरकार का घटक दल नेपाली कांग्रेस चीन की नीति से खफा है।



नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने चीन की नेपाल नीति की तीखी आलोचना की है। एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सोमवार को थापा ने कहा कि नेपाल पर चीन की नीति उनकी समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेपालआने वाला चीन का हर सरकारी प्रतिनिधिमंडल दो तरह की बात करता है। बीजिंग से आने वाला चीन का राजदूत हो या प्रतिनिधिमंडल जब वह गैर वामपंथी दलों से मिलता है तो नेपाल के सभी राजनीतिक दलों से बराबर का संबंध होने की दुहाई देता है। जब वामपंथी दलों से मिलता है तो तुरंत वाम एकता की बात करता है। सभी कम्युनिस्ट दलों को मिलाकर एक दल बनाने का दबाव बनाता है। नेपाली कांग्रेस के महामंत्री ने कहा कि चीन यह विदेश नीति समझ से परे है। नेपाल के आंतरिक मामले में वह सीधा हस्तक्षेप करता है। वामपंथी दलों की सरकार बनने पर चीन खुलकर समर्थन करता है । हरसंभव मदद देने की बात करता है। दूसरी पार्टी की सरकार बनती है तो रवैया बदल लेता है इस मौके पर लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर शर्मा ने कहा कि नेपाल की आंतरिक राजनीति में बढ़ता चीन का हस्तक्षेप किसी भी कोण से नेपाल के हित में नहीं है। अगर नेपाल ने इसका विरोध नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब नेपाल में कोई अमेरिका समर्थक पार्टी होगी तो कोई भारत समर्थक।

### चीन के शंघाई में तूफान बेबिनका की दस्तक, फ्लाइट्स रद्द, रेलगाड़ी, स्कूल-कॉलेज बंद, तटीय क्षेत्र खाली कराया गया



**बीजिंग।** चीन के सबसे बड़े औद्योगिक शहर शंघाई में इस साल का 13वां तूफान बेबिनका दस्तक दे चुका है । आज सुबह साढ़े सात बजे चली तेज हवा से कई जगह पुराने वृक्ष उखड़ गए। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रभाव पुडोंग जिले के लिंगांग क्षेत्र में नजर आया। हवाई, रेल और बस सेवा को रद्द कर दिया गया। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। शंघाई केंद्रीय मौसम विज्ञान वेधशाला का कहना है कि बेबिनका 75 वर्ष के इतिहास में शंघाई में आया सबसे शक्तिशाली तूफान है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, शनिवार रात को आए तूफान के आज पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के किदोंग के उत्तर और पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के निंगबो के दक्षिण के इलाकों के बीच टकराने की आशंका है। रविवार रात आठ बजे शंघाई के दोनों हवाई अड्डों से उड़ानें रद्द कर दी गईं। छह सब-वे लाइनें और अन्य नौ सब-वे लाइनों के फ्लाई-ओवर खंड में आज परिचालन बंद रहेगा। शंघाई से जुड़ने वाले कई राजमार्गों को रविवार रात 10 बजे बंद कर दिया गया। यांग्त्जी नदी डेल्टा के पार चलने वाली कुछ ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया है। शंघाई डिज्नी रिजॉर्ट भी आज बंद रहेगा।

# बांग्लादेश का अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से आग्रह-रोहिंग्या संकट का समाधान खोजा जाए

**ढाका।**
**बांग्लादेश ने संयुक्त राज्य अमेरिका से कहा है कि रोहिंग्या संकट का समाधान करना जरूरी है। बांग्लादेश ने स्थायी समाधान खोजने के लिए मूल कारण को जानने पर जोर दिया है। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने रविवार को दौरे पर पहुंचे अमेरिकी उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने के बाद राज्य अतिथि गृह पद्मा में देररात संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, हमने उनसे कहा कि इस मुद्दे को हल किया जाना चाहिए। हमने मूल कारण को तलाशने पर पर जोर दिया। जशीमुद्दी ने कहा कि रोहिंग्या संकट पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश की भूमिका की सराहना की है।**



बांग्लादेश ने हालिया घटनाक्रम पर अमेरिकियों का ध्यान आकर्षित किया। हाल ही में 8,000 से अधिक रोहिंग्याओं ने बांग्लादेश में प्रवेश किया है। बांग्लादेश में पहले से ही कॉक्स बाजार और भासन चार में 1.2 मिलियन से अधिक रोहिंग्या रह रहे हैं। बांग्लादेश के विदेश सचिव ने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग में अंतरराष्ट्रीय वित्त के सहायक सचिव ब्रेंट नीमन के नेतृत्व में छह सदस्यीय अंतर-एजेंसी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल, अमेरिकी विदेश विभाग के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डोनाल्ड लू के साथ मुलाकात की। इस दौरान पद्मा नदी और द्विपक्षीय हित के मुद्दों पर चर्चा हुई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच और यूएसएआईडी की उप सहायक प्रशासक अंजलि कौर भी शामिल थीं। विदेश सचिव ने कहा कि बांग्लादेश ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न सुधारों पर अंतरिम सरकार द्वारा पहले ही उठाए गए कदमों की जानकारी दी। वित्तीय क्षेत्र और राजस्व सुधार, मुद्रा प्रबंधन, व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन, कानून प्रवर्तन सुधार और रोहिंग्या मानवीय प्रतिक्रिया सहित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में आर्थिक संबंध प्रभाग के सचिव, राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष, वाणिज्य सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव के साथ-साथ गृह मंत्रालय और बांग्लादेश बैंक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इससे पहले, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सलाहकार डॉ. मुहम्मद यूनुस, विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन अहमद से शिष्टाचार मुलाकात की।

### मस्क ने उठाया सवाल बोले- बाइडेन और कमला पर क्यों नहीं होते हमले

**पेरिस।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की दूसरी कोशिश के बाद अमेरिकी खुफिया विभाग एफबीआई मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने कंफर्म किया है कि ट्रंप की हत्या का प्रयास किया गया है लेकिन, मकसद अभी अस्पष्ट है। आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। उसका पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। रिपोर्ट है कि आरोपी यूक्रेन समर्थक है और डेमोक्रेटिक पार्टी को सपोर्ट करता है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच टेक अरबपति एलन मस्क ने विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट से सनसनी मचा दी है। उन्होंने सवाल किया कि सिर्फ ट्रंप पर ही जानलेवा हमले क्यों हो रहे हैं जो बाइडेन या कमला हैरिस पर हत्या का प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है टेक अरबपति एलन मस्क ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरे हत्या के प्रयास पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक एक्स यूजर ने मस्क की पोस्ट पर रिप्लाई किया था कि वे डोनाल्ड ट्रम्प को क्यों मारना चाहते हैं इसका जवाब देते हुए, टेस्ला के सीईओ ने कहा, और कोई भी बाइडेन या कमला हैरिस की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है। इस साल जुलाई में मस्क ने आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रम्प को अपना समर्थन देने की घोषणा की थी।

# इलेक्ट्रिक ट्रक में लगी आग को बुझाने में लग गया 50 हजार गैलन पानी




**कैलिफोर्निया।**
**टेस्ला कंपनी के सेमी ई-ट्रक में आग लग गई। आग को बुझाने में 50 हजार गैलन यानी 1.90 लाख लीटर से ज्यादा पानी लगा। मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दी। ट्रक में आग लगने घटना कैलिफोर्निया के इंटरस्टेट 80 पर लेक ताहो के पश्चिम में हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रक मोड़ पर सड़क से उतर गया और एक पेड़ से टकरा गया।**

एनटीएसबी ने कहा कि आग बुझाने के लिए फायर कर्मियों ने एहतियात के तौर पर पानी के अलावा विमान का भी सहारा लिया जिसके जरिए से अग्निरोधी पदार्थ को आग के ऊपर गिराया गया ताकि आग पर काबू पाया जा सके और आग को फैलने से रोका जा सके।

बता दें 50,000 गैलन पानी 50 फीट लंबा और 24 फीट चौड़ा स्विमिंग पूल के बराबर होता है, जिसकी गहराई 3-8 फीट है। यह औसत घरेलू इनग्राउंड पूल से काफी बड़ा है, जो आमतौर पर 20-40 फीट लंबा और 10-20 फीट चौड़ा होता है। इसके अलावा, फायर डिपार्टमेंट द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाले एक सामान्य टैंकर में 3 हजार गैलन पानी आता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ला ट्रक, कैलिफोर्निया के लिवरमोर में एक गोदाम से स्पार्क्स, नेवादा स्थित कंपनी की बैटरी को फैक्ट्री में ले जा रहा था। इस घटना के कारण राजमार्ग ङ्-80 का एक हिस्सा करीब 15 घंटे तक बंद रहा। फायर कर्मियों ने बताया कि आग लगने के दौरान बैटरी का तापमान एक हजार फारेनहाइट यानी 540 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

बता दें कि जिस सेमी इलेक्ट्रिक ट्रक में आग लगी थी उसका डिजाइन टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने नवंबर 2017 में एक कार्यक्रम के दौरान दुनिया के सामने रखा था। उन्होंने तब वादा किया था कि यह 2020 में बाज़ार में आएगा। हालांकि कंपनी ने अभी भी बड़े पैमाने पर ट्रक बनाना शुरू नहीं किया है।

# डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार रेयान वेस्ले रॉथ की यूक्रेन से सहानुभूति



**वाशिंगटन।**
अमेरिका में फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एके-47 से हमला करने का आरोप में गिरफ्तार रेयान वेस्ले रॉथ यूक्रेन का समर्थक है। रूस-यूक्रेन युद्ध में उसकी पूरी सहानुभूति यूक्रेन के साथ है। 58 वर्षीय रेयान वेस्ले रॉथ की मानसिकता पर विस्मय करने यह खुलासा किया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की हत्या की कोशिश के रूप में वर्णित रॉथ यूक्रेन में लड़ने और मरने की इच्छा व्यक्त कर चुका है। रॉथ ने सिग्नल पर अपने प्रोफाइल बायो में लिखा है, नागरिकों को इस युद्ध को बदलना होगा और भविष्य के युद्धों को रोकना होगा। व्हाट्सऐप पर उसने बायो में लिखा था, हममें से प्रत्येक को मानवाधिकारों, स्वतंत्रता और लोकतंत्र का समर्थन करने में मदद के लिए रोजाना छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार रॉथ को कोई सैन्य अनुभव नहीं है। उसने रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन की यात्रा की। वह वहां लड़ने के लिए अफगान सैनिकों की भर्ती करना चाहता था।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित वेस्ट पाम बीच पर इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के बाहर गोलीबारी हुई। ट्रंप अपने फ्लोरिडा स्थित घर में गोल्फ खेल रहे थे। तभी लगभग 300 मीटर की दूरी पर गोल्फ कोर्स के किनारे झाड़ियों के बीच से किसी ने गोली चलाई और भागने का प्रयास किया। एफबीआई के अनुसार, एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने भाग रहे हमलावर का पीछा किया। उसे काउंटी में दबोच लिया। आरोपित एके-47 के अलावा एक अन्य बंदूक, दो बैकपैक, एक गोप्रो कैमरा लाया था। सनद रहे, 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप को गोली मारी गई थी। हालांकि, गनीमत रही कि गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई।

# संविधान में संशोधन करने जा रहा उत्तर कोरिया,पडोसी देशों से बढ़ सकता है टकराव



**सोल।**
अपनी सनक के लिए जग जाहिर उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन दक्षिण कोरिया को अपना मुख्य दुश्मन मानता है। आए दिन दोनों देशों के बीच टकराव की खबरें भी आती रहीं हैं। इसी बीच उत्तर कोरिया ने कुछ दिन पहले घोषणा कर दी कि वो संविधान में संशोधन करेगा। इसके बाद संविधान संशोधन पर काम शुरु किया गया।किम के आदेशानुसार एकीकरण संबंधी धाराएं हटा दी गईं तथा समुद्री सीमा सहित देश की क्षेत्रीय सीमाओं को नए सिरे से निर्धारित किया गया। इससे दक्षिण कोरिया से टकराव बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है।

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने पहले कहा था कि उत्तर कोरिया अपनी अगली एस.पी.ए. बैठक में 1991 में हस्ताक्षरित अंतर-कोरियाई बुनियादी समझौते को रद्द कर सकता है। बता दें कि 1991 के समझौते के तहत अंतर-कोरियाई संबंधों को एक विशेष संबंध के रूप में परिभाषित किया गया था। केसीएनए ने कहा कि देश के समाजवादी संविधान में संशोधन और उसे त्रुटि मुक्त (पूरक) करने के साथ ही उत्तर कोरिया हल्के उद्योग और बाह्य आर्थिक मामलों पर कानूनों पर विचार-विमर्श और उन्हें अपनाने तथा गुणवत्ता नियंत्रण कानून के प्रवर्तन की निगरानी के मुद्दे पर भी चर्चा करेगा।

उत्तर कोरिया अगले महीने एक महत्वपूर्ण संसदीय बैठक आयोजित करेगा। बैठक में मुख्य रूप से देश के संविधान में संशोधन किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को राज्य मीडिया ने दी। इससे पहले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन ने दक्षिण कोरिया को अपना मुख्य दुश्मन बताने के लिए संवैधानिक संशोधन का आह्वान किया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) का 11वां सत्र 7 अक्टूबर को प्योंगयांग में आयोजित किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में एसपीए की बैठक में उत्तर कोरिया के नेता ने संविधान में संशोधन कर दक्षिण कोरिया को अपना प्रमुख शत्रु बताया था। वहीं, युद्ध की स्थिति में दक्षिण कोरियाई क्षेत्र पर पूर्ण कब्जा करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई थी।गौरतलब है कि एसपीए उत्तर कोरिया के संविधान के तहत राज्य सत्ता का सर्वोच्च अंग है, लेकिन वास्तव में यह सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के निर्णयों पर केवल मुहर लगाता है। इस बीच, उत्तर कोरिया द्वारा नए एसपीए प्रतिनिधियों को चुनने के लिए शीघ्र ही चुनाव कराने की संभावना है, क्योंकि उसने अगले महीने संसदीय बैठक बुलाने की घोषणा की है।

# चीन के एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान से उड़ान भरेंगे लड़ाकू विमान

**बीजिंग।**
**चीन अपने एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर तैनात करने के लिए जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट का परीक्षण कर रहा है। फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापुल्ट सिस्टम से लैस है, जो भारी से भारी विमानों को भी आसानी से टेकऑफ करा सकता है। इसे अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड के बराबर माना जाता है। हालांकि यह भी समुद्री परीक्षण के दौर से गुजर रहा है।**

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की शुरुआत में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) नेवी के पहले एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग पर एक नए प्रकार के युद्धक विमान का परीक्षण किया था।

नया विमान लंबे समय से प्रतीक्षित जे-35 हो सकता है। इसे एफसी-31 के नाम से भी जाना जाता है। यह चीन का नेक्स्ट जेनरेशन कैरियर बेस्ड फाइटर जेट भी है। पाकिस्तान इसी विमान का एक अलग वेरिएंट खरीदने की योजना बना रहा है।

हालांकि, चीन ने पाकिस्तान को एफसी-31 बेचने को लेकर अभी मंजूरी नहीं दी है। चीन के पास वर्तमान में दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, लिओनिंग, जो सोवियत युग के जहाज का एक नया रूप है और दूसरा-शेडोंग, जो 2019 में कमीशन किया गया दूसरा स्वदेशी रूप से निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर है।



जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट का किया जा रहा परीक्षण

चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान दोनों एयरक्राफ्ट कैरियर से बड़ा है। फुजियान की विस्थापन क्षमता 80 हजार टन है। वर्तमान में इस एयरक्राफ्ट कैरियर का समुद्री परीक्षण चल रहा है। यह पूरी तरह से घरेलू रूप से विकसित और निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसमें अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड के समान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम लगे है।

वहीं, चीन के बाकी के दो एयरक्राफ्ट कैरियर स्की जंप टेक ऑफ रैंप से लैस हैं। सिर्फ फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर में ही फ्लैट-टॉप फ्लाइट डेक है।

चीन अभी तक एयरक्राफ्ट कैरियरों से जे-15 विमान संचालित करता है। विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया कि चीन के पास अब सेवा के लिए तैयार एक नए प्रकार का एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट होने वाला विमान है।

रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की कि नया लड़ाकू विमान न केवल चीन के तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर ऑपरेशनल है, जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट से सुसज्जित है, बल्कि पिछले दो कैरियरों लियाओनिंग और शेडोंग से भी उड़ान भर रहा है।

# वाराणसी: गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के समीप, तटवर्ती क्षेत्र टापू बने

**- वरूणा नदी में पलट प्रवाह से बाढ़ का पानी बस्तियों में पहुंचा, हजारों परिवार प्रभावित**



**वाराणसी, (हि.स.)।** जिले में गंगा का जलस्तर अब खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है। गंगा की लहरें आबादी क्षेत्र में पहुंच गई है। तटवर्ती क्षेत्र के गांव और मोहल्ले चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर गए है। गंगा की सहायक नदी वरूणा में पलट प्रवाह से बाढ़ का पानी अब मोहल्लों में कहर बरपाने लगा है। लोग घर छोड़ कर सुरक्षित जगहों पर रह रहे है। केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी बाढ़ बुलेटिन के अनुसार सोमवार को सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 70.72 मीटर दर्ज किया गया। गंगा में खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा के जलस्तर में लगभग तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे वृद्धि हो रही है। जलस्तर में लगातार बढ़ाव से मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट की गलियों में अब नावें चलने लगीं है। यहां अंतिम संस्कार के लिए लोग नावों का सहारा ले रहे है। शवों को नावों पर लादकर घाट के उपरी प्लेटफार्म पर लाकर दाह संस्कार किया जा रहा है। गंगा के सभी घाट गंगा की लहरों में डूब गए हैं। गलियों के रास्ते बाढ़ का पानी घरों में पहुंच गया है। सामने घाट स्थित नाले और उस पर बने आटोमैटिक चैनलगेट बाढ़ के दबाव से तेजी से रिसने लगा है। इससे बाढ़ का पानी निकटवर्ती कॉलोनियों में घुस गया है। दर्जनों मकान का निचला तल बाढ़ के पानी से भर गया है। नगवां और आसपास के सैकड़ों घर टापू जैसे नजर आ रहे है। गंगोत्री बिहार, संगमपुरी, डुमरांव बाग कॉलोनी के वाशिंदों की नींद उड़ गई हैं। ग्रामीण अंचल के ढ़ाब क्षेत्र में किसानों के सामने बढ़ा संकट खड़ा हो गया है। सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल और सब्जियां बाढ़ के पानी खराब होने के कगार पर हैं। रामपुर ढाब, गोबरहा और मोकलपुर गांव बाढ़ से घिर गए हैं। किसानों के सामने पशुओं के चारे का संकट भी खड़ा होने लगा है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के पिपरी गांव और आसपास के गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। नाद और गोमती नदी के पानी से मुख्य मार्ग का सम्पर्क कट गया है। लोग बाढ़ के पानी में चलकर आ जा रहे है।

# बुढ़वा मंगल को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुख्ता इंतजाम, आवागमन में रहेगा प्रतिबंध

**कानपुर, (हि.स.)।** बुढ़वा मंगल को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए और श्रद्धालुओं को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु 16 की शाम 4 बजे से 17 सितंबर की रात 2 बजे तक शहर में चलाने वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही विभिन्न मार्गों में परिवर्तन व्यवस्था लागू किया है। यह जानकारी सोमवार को पुलिस उपायुक्त यातायात रविन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर देहात से थाना सचेंडी भौंती बाईपास चौराहा होते हुए पनकी मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालु भौती चौराहे से आगे पनकी पड़ाव गंगागंज क्रॉसिंग से बांये मंदिर तक पहुंचेंगे एवं इनके वाहनों के लिये पार्किंग स्थल स्टेशन रोड तिराहा से पूर्व गंगागंज मार्ग के दोनों ओर एवं इस मार्ग से अन्य विभिन्न लिंक मार्गों पर उपलब्ध करायी गयी है। इसी तरह जनपद हमीरपुर, फतेहपुर, उन्नाव आदि जनपदों की ओर से आने वाले श्रद्धालु जो घंटाघर चौराहा, रामादेवी चौराहा, नौबस्ता चौराहा, विजय नगर चौराहा होते हुये मन्दिर परिसर की ओर आएंगे, वह सभी भाटिया तिराहे से दाहिने मंदिर तक एवं स्टेशन रोड होते हुए मन्दिर परिसर तक पहुँचेंगे। जो वाहन भाटिया तिराहे से मंदिर की ओर जायेंगे वह अपना वाहन एमआईजी तिराहा के अंदर और पनकी थाना मार्ग के दोनों तरफ अपने वाहनों को पार्क कर सकेंगे। कन्नौज, कानपुर देहात, फरुर्खाबाद की ओर से कल्याणपुर होते हुए जो श्रद्धालु मंदिर परिसर




जायेंगे वह सभी कल्याणपुर से आवास विकास नहर पनकी होते हुए एमआईजी रोड एवं सब्जी मंडी तिराहे पर स्थित रामलीला मैदान में अपने वाहन खड़े कर मन्दिर परिसर की ओर जा सकेंगे। कानपुर देहात शिवली रसूलाबाद मार्ग से जवाहर पुरम शताब्दी नगर रतनपुर होते हुए मन्दिर की ओर जाने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को नारायण कॉलेज चौराहे से आगे शताब्दी नगर रोड़ तिराहे तक सड़क के दोनों ओर अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

**डायवर्जन स्थल** - कल्याणपुर की ओर से आने वाला यातायात आवास विकास नहर पनकी से आगे शताब्दी द्वार एवं पनकी मंदिर की ओर नहीं जा सकेगा। ऐसा यातायात आवास विकास नहर पनकी से अमार्पुर नहर तिराहा अथवा एमआईजी तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जायेंगे। पनकी रोड चौकी थाना कल्याणपुर से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी नहर की ओर नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन डबल पुलिया विजय नगर होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। भाटिया तिराहा से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी मंदिर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन अमार्पुर नगर होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। कालपी रोड से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी धाम स्टेशन होते हुए पनकी मंदिर की ओर नहीं जा सकेंगे। नारायणा कॉलेज चौराहा से कोई वाहन शताब्दी द्वार तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। ऐसे वाहन गंगागंज क्रॉसिंग होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पनकी पड़ाव गंगागंज क्रासिंग से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी मंदिर की ओर नहीं जा सकेंगे। भौंती बाईपास चौराहे से विजय नगर चौराहे की ओर एवं विजय नगर चौराहे की ओर से भौंती बाईपास चौराहे की ओर कोई भी भारी वाहन नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन भौंती बाईपास से एल0एम0एल चौराहा होते हुए दादा नगर, विजय नगर चौराहा मार्ग का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

**श्रद्धालु निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें वाहन** - उन्होंने बताया कि मंदिर के पश्चिम द्वार पर (वीवीआईपी एवं आवश्यक सेवा हेतु) पार्किंग स्थल पर वाहन खड़े होगे। श्रद्धालु शताब्दी रोड तिराहा से रतनपुर रोड पर सड़क के दोनों ओर वाहन खड़ा करेंगे। इसी तरह, सब्जी मंडी रोड, रामलीला मैदान, पनकी थाना मार्ग सड़क के दोनों ओर, कमल मेमोरियल स्कूल गली, कछुआ तालाब रोड (पुलिस एवं प्रशासन पार्किंग), स्टेशन रोड तिराहा से गंगागंज क्रासिंग मार्ग, गेट न-04 के सामने, एटीएम चौराहा के पास वाहन खड़ा करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि पनकी क्षेत्र में चलने वाले सभी प्रकार के भारी एवं मध्यम वाहन जिनको पूर्व में पास निर्गत किये गए हैं, वे 16 की शाम 4 बजे से 17 सितंबर रात एक बजे तक निरस्त रहेंगे।

# गुलाल उड़ाने के विरोध में दो समुदायों में चले लात-घूंसे, कई लोग घायल

**- गणेश विसर्जन से लौटने के बाद हुई घटना, क्षेत्र में पुलिस बल तैनात**

**झांसी, (हि.स.)।** बुन्देलखण्ड के महोबा में गणेश विसर्जन के दौरान विशेष समुदाय के द्वारा किए गए पथराव के बाद मोंठ थाना क्षेत्र के मदारगंज इलाके में रविवार की देर शाम गणेश विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ाने के विरोध में दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए। उनके बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। दो समुदाय के बीच मारपीट की सूचना पर हड़कंप मच गया। पुलिस भी अलर्ट हो गई। मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही तीन आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया। वहीं, सुरक्षा को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। मदारगंज निवासी मुन्ना रायकवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोस में ही दूसरे समुदाय के लोग रहते हैं। रविवार दोपहर करीब दो बजे गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते समय गुलाल उड़ाने को लेकर उनके साथ गाली-गलौज की गई थी। देर शाम जब वह लोग प्रतिमा विसर्जन कर लौटे तब उनके मोहल्ले के रास्ते से गाड़ी निकालने को लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने फिर विवाद शुरू कर दिया।आरोप है कि इसके बाद दूसरे समुदाय के लोगों ने अचानक घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। तब तक मुन्ना रायकवार के पक्ष से भी तमाम लोग वहां आ पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। इसमें दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस सूचना पर मोंठ सीओ हरिमोहन सिंह की अगुवाई में कई थानों से पुलिस फोर्स भी पहुंच गया। पुलिस अफसरों ने किसी तरह मामला शांत कराया। घायलों को अस्पताल भेजा गया। इसके बाद देर रात तक दोनों ही पक्ष के लोग एक-दूसरे की शिकायत लेकर थाने पहुंच गए। सैकड़ों लोग थाने के बाहर जमा हो गए। हिन्दू संगठनों के नेता भी वहां जा पहुंचे। थाने पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। काफी देर तक कार्यकर्ता वहां जमे रहे। पुलिस अफसरों के मुकदमा दर्ज कराने का भरोसा दिलाने पर कार्यकर्ता वहां से जाने को राजी हुए। एसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिनके नाम तहरीर में बताए गए थे, उनमें से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में जिनके और नाम सामने आएंगे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। शांतिभंग करने वालों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। पूरे मामले की छानबीन कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे।

## इंस्पायर अवार्ड मानक के पोर्टल पर नामांकन हेतु आवेदन की तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ाई

**- इंस्पायर अवार्ड मानक की नोडल प्रभारी बबीता मेहरोत्रा ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर थी**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** इंस्पायर अवार्ड मानक की मुरादाबाद नोडल प्रभारी बबीता मेहरोत्रा ने सोमवार को बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक के पोर्टल पर नामांकन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर थी। जिसे बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दिया गया हैं। बबीता मेहरोत्रा ने आगे बताया कि बबीता मेहरोत्रा ने आगे बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी व नवाचारी योजनाओं में से एक इंस्पायर अवार्ड मानक योजना है जो बाल वैज्ञानिकों के विचारों को एक दिशा, एक प्लेटफार्म प्रदान करती है और उनके विचारों को एक प्रोत्साहन राशि के रूप में डीबीटी के माध्यम से चयन होने पर 10 हजार रुपये भी प्राप्त होते हैं यह चयन की प्रक्रिया जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक जाती है और उसके बाद विचारों को जापान की यात्रा भी कराई जाती है जहां कुछ विचारों को पेटेंट भी किया जाता है जनपद मुरादाबाद का हमेशा से ही प्रयास रहा है कि इंस्पायर में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराया जाए जिससे उनके बाल विचारों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

उन्होंने आगे बताया कि मुरादाबाद में अभी तक माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा बेसिक शिक्षा विभाग के कुल मिलाकर 791 विद्यालयों ने 3216 बच्चों के विचारों का नामांकन इंस्पायर अवार्ड मानक के पोर्टल पर कर दिया हैं। हमारे जनपद की पूरे प्रदेश में नामांकन में प्रथम स्थिति हैं अपना स्थान बनाए हुए हैं।

# जौनपुर में बाइक सवार बदमाशों ने दादी-पोते को मारी गोली, हालत गंभीर



**जौनपुर, (हि.स.)।** नगर कोतवाली थाना अंतर्गत सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब हौसला बुलंद बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर पोते और दादी को जख्मी कर दिया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। शहर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला नईगंज स्थित पवन ट्रैक्टर पार्ट्स की दुकान के पास शनि यादव (28) अपनी दादी कमला देवी (70) के बने घर की दुकान में बैठा था। रोज की तरह वह दादी से बातचीत में मशगूल था, तभी अचानक एक बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश आए और लक्ष्य साधकर उस पर फायर करने लगे। हमलावरों की फायरिंग में एक गोली शनि और दूसरी गोली उसकी वृद्ध दादी कमला देवी के पैर में जा लगी। गोली लगते हो दोनों घायल हालत में मौके पर गिर गए। इस बीच वारदात के बाद हमलावर भाग निकले। क्षेत्रीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद युवक को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस वारदात से मौके पर दहशत व्याप्त है। वारदात की सूचना मिलते ही सीओ देवेश सिंह, शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्र, एसओ लाइन बाजार समेत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि एक बाइक पर दो अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की है। इस गोलीबारी में युवक व उसकी दादी घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। घटना कारित करने वालों की तलाश करते हुए जांच की जा रही है।

# हाई कोर्ट हो या सिविल कोर्ट जज यह सुनिश्चित करें कि केस का जल्द से जल्द निपटारा हो : चीफ जस्टिस





**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में हाल के दिनों में एक आम व्यक्ति के रूप में जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए हाई कोर्ट में उपस्थित वकीलों को बताया कि रांची सिविल कोर्ट में दोपहर 4.30 बजे तक लगभग सभी कोर्ट रूम खाली जाते हैं। रांची सिविल कोर्ट में चार-पांच जजगण ही उन्हें दोपहर 4.30 के बाद भी काम करते दिखे थे। निरीक्षण के दौरान रांची सिविल कोर्ट के एक कोर्ट रूम में उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही की प्रक्रिया भी बैठकर देखी थी। सिविल कोर्ट में उस दिन वे बिना बॉडीगार्ड एवं बिना सूचना दिए गए थे ताकि रांची सिविल कोर्ट में कोर्ट की वास्तविक स्थिति देख सके। सिविल कोर्ट में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत कई अधिवक्ताओं ने भी उन्हें नहीं पहचाना था। एक्टिंग चीफ जस्टिस ने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट एवं सिविल कोर्ट में सभी जजों को अपने निर्धारित समय पर जरूर बैठना चाहिए और त्वरित ढंग से केस का निष्पादन करना चाहिए। जज एवं वकील का काम मुवक्किलो को जल्द से जल्द न्याय दिलाना है। हाई कोर्ट में उपस्थित महाधिवक्ता राजीव रंजन से भी उन्होंने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट में कई महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता की जगह जूनियर अधिवक्ता केस की पैरवी के लिए आते हैं। अनुभव एवं उचित जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें कोर्ट की नाराजगी का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहें, यह सुनिश्चित करना बेहतर होगा।

## एनआईए का झारखंड पुलिस से अनुरोध, डीएसपी स्तर के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजें




**रांची, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड पुलिस से डीएसपी स्तर के अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। इस संबंध में सोमवार को बताया गया कि एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि 17 डीएसपी की एनआईए के विभिन्न ब्रांचों में प्रतिनियुक्ति की जायेगी। प्रतिनियुक्ति एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में होगी। एनआईए में डीएसपी के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास किसी भी क्षेत्र में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए और कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। 22 अक्टूबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 17 पद भरे जाने हैं। इन पदों पर बहाली डेपुटेशन के आधार पर की जायेगी।

# लातेहार में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**लातेहार, (हि.स.)।** पुलिस ने छापामारी कर नक्सली संगठन पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर समेत तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बालूमाथ निवासी सब जोनल कमांडर रामविजय सिंह, हेरहंज निवासी रूपेश राम और चंदवा निवासी धर्मेंद्र लोहरा शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से पीएलएफआई का पर्चा और तीन मोबाइल जब्त किया है। बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर राकेश उर्फ राम विजय लोहरा पिछ्ले पिछ्ले दिनों एक संवेदक को रंगदारी के लिए धमकी दिया था। संवेदक के द्वारा इस मामले को लेकर हेरहंज थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। इसी बीच रविवार की रात लातेहार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआई का सबजोनल कमांडर राकेश अपने कुछ साथियों के साथ हेरहंज की ओर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने छापामारी कर तीनों उग्रवादियों को पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में उग्रवादियों ने बताया कि वे लोग रंगदारी मांगने जा रहे थे। पुलिस ने उनके पास से कुछ पर्चा भी बरामद किया। उग्रवादियों के खिलाफ छापेमारी दल में थाना प्रभारी विक्रम कुमार, सुबोध कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# "प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना" से कटिहार के कारीगरों को मिल रही आर्थिक मजबूती




**कटिहार, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने कटिहार जिले में छोटे कारीगरों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोनाली शीतल ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि जिले में अब तक 20602 लोगों ने योजना के तहत आवेदन किया है, जिसमें से 9774 आवेदन ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर अनुशंसित हुए हैं और 10726 आवेदन प्रक्रिया में हैं। इस योजना के तहत, हाथ से मूर्ति बनाने वाले, नाई, पत्थर तराशने वाले और फूलों की माला बनाने वाले जैसे कारीगर लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार की इस योजना ने 2023 में शुरूआत के बाद से ही छोटे व्यापार करने वाले लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में मदद की है। महाप्रबंधक ने बताया कि राज्य स्तर से अब तक 857 आवेदकों का आवेदन पंजीकृत हो गया है जिन्हें ट्रेड के अनुसार विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शेष आवेदनों का सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर किया जा रहा है और उसे अनुसंशित के लिए राज्य स्क्रीनिंग समिति को भेज दिया जायेगा। हालांकि, जिले के 234 ग्राम पंचायतों में से 09 ग्राम पंचायत के मुखिया प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के वेबसाइट पर ऑनबोर्डिंग नही हुआ है, जिसमें बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर और बरारी, अमदाबाद के उत्तरी और दक्षिणी अमदाबाद, मनसाही के मरंगी, कुसेर्ला के उत्तरी मुरादपुर, बलरामपुर के बिजौल, मनिहारी के फतेह नगर तथा कदवा प्रखंड के कुम्हारी पंचायत के मुखिया शामिल है। जिससे स्थानीय शिपकारों को योजना से वंचित होना पड़ रहा है। हालांकि, जिला उद्योग केंद्र द्वारा इन मुखियाओं को वेबसाइट पर ऑनबोर्डिंग करने के लिए कहा गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके। इस योजना से जुड़कर कारीगर अपने व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक रूप से मजबूत होने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। सरकार की इस योजना ने छोटे व्यापार करने वाले लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे न केवल कारीगरों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

## पटना सहित राज्य के 19 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी



**पटना, (हि.स.)।** राजधानी पटना समेत राज्य के 19 जिलों में सोमवार को अलग-अलग जगहों पर गरज-तड़क के साथ भारी वर्षा को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार मानसून अक्ष समुद्र तल पर पंजाब के फिरोजपुर, पटियाला, यूपी के शाहजहांपुर, बलिया और गंगा-पश्चिम बंगाल के निम्न दबाव केंद्र से उत्तरी बंगाल की खाड़ी से होते हुए दक्षिण-पूर्व बना हुआ है जिसके कारण सोमवार को बिहार के 19 जिलों में झमाझम बारिश हो सकती है।पटना समेत छपरा, सीवान, जहानाबाद, दरभंगा, मधुबनी, वैशाली और गोपालगंज में भी हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। उत्तर बिहार के अन्य हिस्सों में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट हो सकती है। तीन जिले, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद में भारी वर्षा को लेकर औरेंज अलर्ट एवं गया, नवादा, अरवल में गरज-तड़क के साथ भारी वर्षा व पटना में मेघ गर्जन, वज्रपात की चेतावनी है। रविवार शाम से ही काले काले बादलों ने बसेरा बना लिया और बारिश का दौर शुरू हो गया। आसपास का मौसम सुहावना बना रहा। साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिल गई।

# भाजपा नेता पर हुए हमला मामले में एक आरोपी बेगूसराय से गिरफ्तार



**भागलपुर, (हि.स.)।** बीते दिनों जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में भाजपा नेता सह पार्षद पति शशि मोदी पर हुए हमले का एक आरोपी फुट्टो यादव उर्फ रोशन कुमार को बेगूसराय थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को डीएसपी टू राकेश कुमार ने दी। डीएसपी ने बताया कि बीते दिनों शशि मोदी पर अपराधियों ने हमला कर दिया था। इसके बाद शशि मोदी बुरी तरह से घायल हो गए थे। आनन -फानन में इलाज के लिए शशि मोदी को स्थानीय लोग एवं पुलिस के द्वारा जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां अभी शशि मोदी का इलाज जारी है। इसके बाद शशि मोदी के पिता ने 17 नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बेगूसराय थाना क्षेत्र से लोदीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले फुट्टो यादव उर्फ रोशन कुमार को गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने बताया कि गणेश पूजा मेला के दौरान कुछ युवक लड़की के साथ छेड़खानी कर रहा था। इसी का विरोध शशि मोदी के द्वारा किया गया था। जिसके बाद गुस्से में आकर सभी युवक ने मिलकर शशि मोदी पर हमला किया था। इसके बाद डिआईयू की टीम और बबरगंज थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए बेगूसराय जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से रोशन कुमार को गिरफ्तार किया है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।




# एलआईसी ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इंफोसिस को चुना

**नई दिल्ली।**
देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म (मंच) के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इंफोसिस को चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस एलआईसी को ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण सुविधाएं प्रदान करेगा।


इंफोसिस ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के साथ इंफोसिस ने सहयोग का समझौता किया है, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। इंफोसिस के मुताबिक इस समझौते के तहत वो एलआईसी के साथ मिलकर डिजिटल इनोवेशन एंड वैल्यू एन्हांसमेंट (डीआईवीई) नामक अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल को आगे बढ़ाया है।

कंपनी ने बताया कि एलआईसी ने बैंकिंग, वित्तीय और बीमा क्षेत्रों में इंफोसिस की गहन विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए उस चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया है।

उधर, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि हमारा इंफोसिस के साथ समझौता हमारे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## न्यूज ब्रीफ

### अदाणी पावर, अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में आठ फीसदी तक तेजी




**नई दिल्ली** । अदाणी समूह को महाराष्ट्र में लंबी अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय और ताप बिजली आपूर्ति का ठेका मिलने के बाद सोमवार को अदाणी पावर के शेयर में लगभग आठ प्रतिशत की तेजी आई। इस ठेके के लिए समूह की 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टोरेंट पावर जैसी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर अदाणी पावर का शेयर 7.53 प्रतिशत बढ़कर 681.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 7.59 प्रतिशत बढ़कर 681.55 रुपये पर कारोबार कर रहा था। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी बीएसई पर 7.39 प्रतिशत बढ़कर 1,920 रुपये पर पहुंच गए। एनएसई पर यह 7.25 प्रतिशत बढ़कर 1,918 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

### नियमों का पालन नहीं करने वाले बैंकों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी




**नई दिल्ली** । केंद्र सरकार बैंकों के लिए जुर्माना बढ़ाने के बारे में विचार कर सकती है, यदि वे नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि सरकार इस सिलसिले में नियामक प्रणाली की समीक्षा कर सकती है, जिसके लिए बैंकिंग विनियमन (बीआर) अधिनियम 1949 और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम 1934 में संशोधन किया जा सकता है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि वर्तमान में जुर्माना राशि बहुत कम है। हम इस पर नियामक के साथ चर्चा करेंगे और प्रावधानों में संशोधन की संभावनाओं पर विचार करेंगे। मौजूदा व्यवस्था में रिजर्व बैंक बीआर अधिनियम की धारा 46 और 47 ए समेत अन्य प्रावधानों के तहत जुर्माना लगा सकता है, जो नियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर लगाया जाता है।

### टोरेंट पावर हरित परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ निवेश करेगी



**गांधीनगर** । टोरेंट पावर ने सोमवार को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी ने बताया कि इससे करीब 26,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। विविध क्षेत्र में काम करने वाली टोरेंट समूह की एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड ने हरित और टिकाऊ भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी ने सोमवार को गांधीनगर में री-इन्वेस्ट कार्यक्रम के चौथे संस्करण में केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को दो शपथ पत्र सौंपे। री-इन्वेस्ट का आयोजन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सीआईआई के साथ मिलकर किया है। बयान के अनुसार कंपनी ने 2030 तक 57,000 करोड़ रुपये के निवेश से 10 गीगावाट की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता हासिल करने के लिए एक शपथ पत्र सौंपा है। इस निवेश से लगभग 25,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की उम्मीद है। दूसरा शपथ पत्र 7,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक लाख किलो टन प्रति वर्ष (केटीपीए) क्षमता वाले ग्रीन अमोनिया उत्पादन संयंत्र के लिए है। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 1,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।


# मजबूती का रिकॉर्ड बनाने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।**
दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना लिया। इसके बाद मुनाफा वसूली का दबाव पड़ने पर दोनों सूचकांक गिर कर कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचे। दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, रियल्टी, पावर, मीडिया और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। आईटी, एफएमसीजी और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आमतौर पर तेजी बनी रही, जिसके कारण बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। हालांकि, मिडकैप इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ बंद हुआ।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 470.53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468.71 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,201 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,150 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,957 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 94 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,492 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,225 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,267 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए।



बीएसई का सेंसेक्स 94.39 अंक की मजबूती के साथ 82,985.33 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 293.40 अंक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 83,184.34 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद ये सूचकांक बिकवाली के दबाव की वजह से 58.12 अंक की कमजोरी के साथ 82,832.82 अंक तक गिर गया। दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 97.84 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 82,988.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 50.15 अंक की बढ़त के साथ 25,406.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद आधे घंटे में ही ये सूचकांक खरीदारी के सपोर्ट से अभी तक के सर्वोच्च स्तर 25,445.70 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 20.30 अंक की कमजोरी के साथ 25,336.20 अंक तक लुढ़क गया। इसके बाद एक बार फिर खरीदारी शुरू हो जाने से इस सूचकांक ने हरे निशान में वापसी कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 27.25 अंक की तेजी के साथ 25,383.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन-भर की खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी 2.42 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.77 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.72 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 1.51 प्रतिशत और लार्सन एंड टूब्रो 1.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। बजाज फाइनेंस 3.33 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.25 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.95 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.37 प्रतिशत और ब्रिटानिया 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत



**नई दिल्ली।**
घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दो दिन की तेजी के बाद मामूली गिरावट नजर आ रही है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर गया है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 74,930 रुपये से लेकर 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 68,790 रुपये से लेकर 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट आई है। कीमत में आई गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कमजोरी आई है।

# अमेजन और फ्लिपकार्ट पर जल्द शुरू होगी बड़ी सेल

**नई दिल्ली।**
**ई-कॉमर्स साइट अमेजन और फ्लिपकार्ट पर साल की सबसे बड़ी सेल जल्द ही शुरूआत हो सकती है। इन सेल का नाम फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिबल सेल है। इस सेल में उपभोक्ताओं को मोबाइल, होम एप्लाइसेंस, घर की डेकोरेशन, कंप्यूटर, मोबाइल असेसरीज पर बेपर डिस्काउंट मिलने जा रहा है।**




साथ ही कस्टमर को बैंक ऑफर्स का भी फायदा मिलेगा। सूत्रों से पता चला है कि फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2024 की शुरूआत 27 सितंबर से हो सकती है। इस दौरान यूजर्स को एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ट पर इंस्टैंट कैशबैक देखने को मिलेगा। फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2024 के दौरान एप्पल, सैमसंग और गूगल जैसे ब्रांड अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन की कीमतों में कमी कर सकते हैं। स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के अलावा लाइफस्टाइल, किराना, घर और फर्नीचर उत्पादों पर छूट मिलेगी।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल की भी जल्द ही शुरूआत होनी वाली है। हालांकि इसकी तारीखों का खुलासा नहीं हुआ है। इस सेल के दौरान ग्राहकों को स्मार्टफोन, कंप्यूटर, लैपटॉप और टैबलेट आदि पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा।

# एयर इंडिया ने शुरू की दिल्ली-कुआलालंपुर नॉनस्टॉप दैनिक उड़ान

**नई दिल्ली।**
**टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने नई दिल्ली से कुआलालंपुर के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप दैनिक उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की एयरबस ए320 नियो (नया इंजन विकल्प) विमान द्वारा संचालित ये उड़ान 15 सितंबर को स्थानीय समयानुसार 2043 बजे कुआलालंपुर में लैंड किया।**





एयर इंडिया ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमने राजधानी नई दिल्ली और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच अपने नए नॉन-स्टॉप रूट के उद्घाटन का जश्न मनाया। कंपनी ने कहा कि यह मलेशियाई यात्रियों के लिए एयरलाइन के विश्वव्यापी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए नए कनेक्शन को खोलती है, जो पांच महाद्वीपों में फैला हुआ है। एयरलाइन ने कहा कि अब कुआलालंपुर के लिए प्रतिदिन नॉन-स्टॉप उड़ान भरें।

उल्लेखनीय है कि कुआलालंपुर दक्षिण पूर्व एशिया में एयर इंडिया का छठा गंतव्य है, जो इस क्षेत्र में उसकी उपस्थिति और लगातार बढ़ते वैश्विक मार्ग नेटवर्क को और मजबूत करता है। कुआलालंपुर के लिए एयर इंडिया की सेवा भारत और मलेशिया के बीच यात्रियों की बढ़ती संख्या के लिए एक नया विकल्प प्रदान करती है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।**
**ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार हो रहा है।**

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,626.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 114.30 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछल कर 17,683.98 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 41,407.68 पर कारोबार कर रहा है।



अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,273.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,465.25 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 181.01 अंक यानी 0.97 प्रतिशत उछल कर 18,699.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। जापान, कोरिया, इंडोनेशिया और चीन के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से निक्केई इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में कारोबार नहीं हो रहा है।

कारोबार में फिलहाल गिफ्ट निफ्टी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,461.50 में अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,808.84 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.55 प्रतिशत उछल कर 1,432.16 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.42 प्रतिशत टूट कर 3,547.80 अंक के स्तर तक लुढ़क गया है।

इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,323.59 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# जिगरा के गाने में अपनी आवाज देंगे दिलजीत



**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी आगामी फिल्म जिगरा के एक गाने में पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपनी आवाज देंगे। इसे अभिनेत्री आलिया भट्ट पर फिल्माया गया है। इस गाने का नाम कुड़ी है। आलिया ने दिलजीत के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों एक कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में उनकी कुर्सियों के पीछे कुड़ी गाने के बारे में लिखा हुआ है। इस पोस्ट के कैप्शन में आलिया ने लिखा, कुर्सियां सब कुछ बयां कर देती हैं। फिल्म जिगरा का टीजर 8 सितंबर को रिलीज किया गया था, जिसमें भाई-बहनों के रिश्ते की भावनात्मक गहराई को दिखाया गया है। फिल्म में आलिया भट्ट और वेदांग रैना भाई-बहन की भूमिका निभा रहे हैं, जो बचपन में कठिनाइयों का सामना करते हैं। वासन बाला द्वारा निर्देशित यह ड्रामा फिल्म भाई-बहन के प्रेम और उनकी एक-दूसरे के लिए समर्पण को केंद्र में रखती है। इसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया गया, जिसमें 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के गाने संदेशे आते हैं की धुन पर दिलजीत का नाम स्क्रीन पर उभरता है। बॉर्डर 2 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित होगी और 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जे.पी. दत्ता और निधि दत्ता ने निर्मित किया है। सनी देओल ने दिलजीत को बॉर्डर 2 की बटालियन में स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा की। बता दें कि धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित जिगरा 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दूसरी ओर, दिलजीत दोसांझ हाल ही में इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आए थे, जो एक गायक की जिंदगी पर आधारित थी। इसके अलावा, यह घोषणा की गई कि दिलजीत बॉर्डर 2 में सनी देओल और वरुण धवन के साथ नजर आएंगे।

## शेखर कपूर कर रहे मासूम, द नेक्स्ट जेनरेशन की तैयारी



**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर फिल्ममेकर शेखर कपूर अपनी अगली हिंदी फिल्म मासूम, द नेक्स्ट जेनरेशन की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए नैरेशन सेशन के दौरान, कपूर ने एक होटल में गए, जहां पर एक वेट्रेस के साथ अकस्मात लेकिन भावुक बातचीत की, जिसने इस प्रोजेक्ट में उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। कपूर ने असम की एक वेट्रेस के साथ बातचीत की। उनके बैकग्राउंड से हैरान होकर, कपूर ने उनसे उनके परिवार, घर और यादों के बारे में पूछा। जिस पल कपूर ने उनसे उनकी दादी के बारे में पूछा, वेट्रेस फूट-फूट कर रोने लगी। इस घटना ने कपूर को भावुक कर दिया, जिसने फिल्म के घर और रिश्तों के विषयों के बीच के संबंध को उजागर किया, जिससे फिल्ममेकर का यह विश्वास और मजबूत हुआ कि फिल्म दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ सकती है। मासूम... द न्यू जेनरेशन 1983 की क्लासिक मासूम की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। पिछले इंटरव्यू में, कपूर ने फिल्म के विषय पर विस्तार से बताया और घर के वास्तविक सार पर जोर दिया। कपूर ने समझाया जब लोग घर के बारे में बात करते हैं, तो इसे अक्सर प्रॉपर्टी या रियल एस्टेट के रूप में देखा जाता है, जिसको मोनेटरी शब्दों में मापा जाता है। उन्होंने आगे कहा लेकिन घर मूल रूप से यादों के बारे में होता है - हर दीवार, हर फर्नीचर पीस हमारे जीवन का एक हिस्सा रखता है। यह फिल्म घर के कॉन्सेप्ट के साथ उस गहरे और भावुक संबंध को ही दर्शाती है। मासूम... द नेक्स्ट जेनरेशन के अलावा, जो कावेरी कपूर का एक्टिंग डेब्यू है, ऑस्कर-नॉमिनेटेड और बाफ्टा विजेता फिल्ममेकर एबोनी मैकक्वीन नामक एक म्यूजिकल फीचर का निर्देशन भी करने वाले हैं। यह फिल्म चार्ली मैकगार्वे नामक एक अभिलाषी प्रोफेशनल फुटबॉलर की कहानी है, जिसके सपने एक गंभीर चोट की वजह से चकनाचूर हो जाते हैं। इसके बाद कहानी चार्ली के जरिये से आत्म-खोज की यात्रा को दर्शाती है।

## शरवरी एक बेहतरीन अदाकारा हैः कबीर खान



मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड के मशहूर फिल्म निमार्ता कबीर खान ने अभिनेत्री शरवरी की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि शरवरी एक विशेष प्रतिभा की धनी हैं। उन्होंने शरवरी को सहज और आकर्षक कलाकार बताया, जिनकी स्क्रीन पर मौजूदगी दुर्लभ है और ऐसे कलाकारों का सिनेमा पर गहरा असर होता है। कबीर खान ने शरवरी की मेहनत और समर्पण की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शरवरी ने अपनी प्रतिभा के बल पर इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई है और हर प्रोजेक्ट के लिए अतिरिक्त मेहनत करती हैं। कबीर को गर्व है कि उन्होंने शरवरी जैसी प्रतिभा को निखारने में योगदान दिया है। वह मानते हैं कि शरवरी आने वाले समय में बॉलीवुड में अपनी अमिट छाप छोड़ेंगी। शरवरी के प्रोजेक्ट चुनने के साहस की तारीफ करते हुए कबीर ने कहा कि वह ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करती हैं, जिन्हें करने का साहस बहुत कम कलाकार करते हैं। इससे वह एक रोमांचक कलाकार के रूप में उभरती हैं। शरवरी ने हाल ही में अपनी फिल्म मुंज्या से दर्शकों का दिल जीता है, जिसने 100 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ जासूसी फिल्म अल्फा में नजर आएंगी, जो दर्शकों के बीच खासा उत्साह पैदा कर रही है। बता दें कि कबीर ने शरवरी के साथ अपनी वेब सीरीज द फॉरगॉटन आर्मी में काम किया था और तभी उन्हें महसूस हुआ कि शरवरी एक बेहतरीन अदाकारा हैं, जो भविष्य में सिनेमा जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ेंगी।

## नए आलीशान महल में शिफ्ट होने वाली है सोनम



बालीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर और उनके बिजनेसमैन पति आनंद आहूजा जल्द ही एक नए आलीशान महल में शिफ्ट होने वाला है। सोनम के ससुर हरीश आहूजा ने एक करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी है, जहां सब मिलकर रहेंगे। खबरें हैं कि सोनम के ससुर और आनंद के पिता हरीश आहूजा ने लंदन में ही करोड़ों की कीमत की एक नई प्रॉपर्टी खरीदी है। कहा जा रहा है कि उन्होंने यह प्रॉपर्टी इसी साल जुलाई में खरीदी थी और जल्द ही वो परिवार के साथ वहां शिफ्ट हो जाएंगे। सोनम के ससुर की प्रॉपर्टी की कीमत 226 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह एक आठ मंजिला रेजिडेंशियल कॉन्वेंट है। ये घर नॉटिंग हिल में किम्सटन गार्डन्स से थोड़ी दूरी पर ही स्थित है। बता दें कि सोनम कपूर जितने बड़े स्टार की बेटी हैं, उनके ससुर भी उतनी ही बड़ी हस्ती हैं। एक्ट्रेस के बिजनेसमैन पति आनंद आहूजा के पिता का बड़ा कारोबार है। उनके पास दौलत शोहरत की कोई कमी नहीं है। एक्ट्रेस अपने पति आनंद के साथ लंदन में एक आलीशान घर में रहती हैं।

## आज भी तुम्बाड 2 को लेकर लोगों में जिज्ञासा है : आनंद एल राय




**मुंबई (ईएमएस)।** कलर येलो प्रोडक्शंस, द्वारा निर्मित तुम्बाड भारतीय सिनेमा की सबसे उल्लेखनीय स्लीपर हिट्स में से एक मानी जाती है। निमार्ता आनंद एल राय ने फिल्म तुम्बाड की थिएट्रिकल पुनः रिलीज के मौके पर फिल्म के प्रभाव और उसकी सफलता पर चर्चा की। उन्होंने कहा, आज भी तुम्बाड 2 को लेकर जिज्ञासा और सवाल मिलते हैं, जो इसके प्रभाव को दर्शाते हैं। फिल्म की शुरूआती रिलीज के समय दर्शकों को एक साधारण हॉरर-थ्रिलर की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसी अनूठी दुनिया में पाया जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। यही वजह है कि यह फिल्म आनंद एल राय की सबसे प्रतिष्ठित प्रस्तुतियों में से एक बन गई है। तुम्बाड ने भारतीय लोककथाओं और डरावनी कहानियों का अद्वितीय मिश्रण पेश किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म के वीएफएक्स और सम्मोहक कहानी ने इसे एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया, जो भारतीय सिनेमा में एक मील का पत्थर साबित हुई। आनंद एल राय ने कहा, तुम्बाड हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि अज्ञात क्षेत्र में एक साहसिक यात्रा थी। हमें इस फिल्म पर गर्व है और हम दर्शकों द्वारा इसे फिर से देखने का इंतजार कर रहे हैं। तुम्बाड की यह वापसी उन प्रशंसकों के लिए खास है, जिन्होंने इसके अनूठे डर और लोककथाओं के मिश्रण को बेहद पसंद किया था। आनंद एल राय फिलहाल अपने नवीनतम प्रोडक्शन फिर आई हसीन दिलरुबा की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस रोमांचक थ्रिलर की सफलता ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।

## फिल्म इंडस्ट्री में हिट संगीत का पर्याय बन चुके हैं डीएसपी



**मुंबई (ईएमएस)।** संगीतकार देवी श्री प्रसाद भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हिट संगीत का पर्याय बन चुके हैं। उन्हें रॉकस्टार डीएसपी के नाम से भी जाना जाता है, ने अपने दो दशकों से अधिक के करियर में कई चार्ट-टॉपिंग गाने दिए हैं। इन्हीं गानों ने उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में एक प्रमुख स्थान दिलाया है। हालांकि वह अपनी संगीत रचनाओं के लिए लोकप्रिय हैं, उन्होंने कभी-कभी फिल्मों में अभिनय भी किया है। उनकी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति सीमित रही है, लेकिन उसने दर्शकों और उनके फैंस के बीच उत्साह और चार्म भर दिया है। डीएसपी ने शंकर दादा एमबीबीएस, जुलाई, अत्तरिन्टिकी दरेदी, सरिलरु नीकेवरु और हाल ही में रिलीज हुई मिस्टर बच्चन जैसी फिल्मों में कैमियो भूमिकाएँ निभाई हैं। इन भूमिकाओं को दर्शकों ने खूब दिल से सराहा है और फैंस हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि वह कब अपने अभिनय करियर की शुरुआत करेंगे। डीएसपी ने पहले भी खुलासा किया है कि फिल्म निमार्ता अक्सर उन्हें स्क्रिप्ट्स के साथ संपर्क करते हैं। हालांकि, वह ऐसे अवसरों की तलाश में हैं जो संगीत और अभिनय को एक साथ लाते हों। उन्होंने कहा है कि वह म्यूजिकल फिल्में करना पसंद करेंगे, जहां वह अपने दोनों हुनर को प्रदर्शित कर सकें। डीएसपी की सीमित ऑन-स्क्रीन उपस्थिति उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है। जहां उनके फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं डीएसपी अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। उनकी डिस्कोग्राफी में अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल, पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह, धनुष की कुबेर, नागा चैतन्य की थंडेल, अजित कुमार की गुड बैड अग्ली, सूर्या की कांगुवा और राम चरण की अनटाइटल्ड फिल्म शामिल हैं।

## किरदार में ढलने सिद्धांत चतुर्वेदी ने घटाया वजन



फिल्म युद्धा के लिए किरदार ढलने के लिए एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपना वजन घटा लिया। यह जानकारी दी है डायरेक्टर रवि उदयवार ने। उन्होंने सिद्धांत चतुर्वेदी के जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन पर रोशनी डाली है। उन्होंने बताया है कि सिद्धांत को अपने किरदार में पूरी तरह से ढलने के लिए, वजन में बड़ा बदलाव करना पड़ा है, जो उनकी मेहनत और समर्पण को दिखाता है। डायरेक्टर ने खुलासा करते हुए कहा है, हां, युवा कैडेट बनने के लिए उन्होंने बहुत वजन घटाया। आखिर में, उनका वजन बहुत बढ़ गया था। उनका चेहरा खुरदुरा था और आप उनका ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। अगर आप ट्रेलर देखें, तो उनका वजन बहुत बढ़ गया है। वह आगे बात करते हुए कहते हैं, हमने उनसे कहा, हां, आप बहुत सारा खाना खा सकते हो। क्योंकि ये युद्धा का किरदार है जो लड़ने के लिए तैयार है। सिद्धांत के ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में आगे बात करते हुए वह कहते हैं, तो मैं कह सकता हूँ कि उन्होंने लगभग 20 किलो वजन कम किया है। मैं आपको सटीक वजन नहीं बता सकता, मैं सिद्धांत से पूछकर आपको बताऊँगा। उनके ट्रेनर ने सब कुछ बहुत सावधानी से किया है।

## थलाइवेटियां पलायम एक भावपूर्ण कहानी : डायरेक्टर नागा



स्लाइस ऑफ लाइफ सीरीज थलाइवेटियां पलायम के बारे में डायरेक्टर नागा ने कहा कि थलाइवेटियां पलायम सीरीज में ग्रामीण जीवन के बारे में एक भावपूर्ण कहानी है। यह समुदाय और परंपरा के महत्वपूर्ण विषयों के साथ एक मजेदार सीरीज है। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ सहयोग करना खुशी की बात है। अभिनेताओं ने इस कहानी में अविश्वसनीय गहराई जोड़ी है। तमिल ओरिजिनल सीरीज (टीवीएफ) और द वायरल फीवर के बैनर तले निर्मित यह सीरीज तमिलनाडु के एक सुदूर गांव की कहानी पर आधारित है। कहानी बालाकुमारन मुरुगेसन ने लिखी है। आठ एपिसोड की यह कॉमिडी ड्रामा बड़े शहर के एक युवा लड़के की यात्रा को दर्शाती है। सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे एक शहरी लड़का थलाइवेटियां पलायम के सुदूर गांव में अपने नए और अपरिचित परिवेश की चुनौतियों का सामना करता है। इसमें अभिषेक कुमार, चेतन कादंबी, देवदर्शिनी, नियाथी, आनंद सामी और पॉल राज प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बता दें कि इस सीरीज का ट्रेलर हाल ही रीलिज किया गया है जिस जबर्दस्त रिस्पांस मिल रहा है।

## आदित्य रॉय कपूर संग ब्रेकअप पर अनन्या पांडे ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इस समय अपनी वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के कारण चर्चा में हैं। एक्ट्रेस अनन्या एक्टिंग के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। कुछ महीने पहले एक्ट्रेस अनन्या पांडे का आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप होने की खबर आई थी। अनंत अंबानी की शादी के बाद उनका नाम हार्दिक पंड्या के साथ भी जुड़ा, लेकिन अब एक्ट्रेस का नाम मॉडल वॉकर ब्लैंको के साथ जोड़ा जा रहा है। इसी बीच एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी डेटिंग लाइफ पर कमेंट किया है। अनन्या पांडे ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने आदित्य रॉय से ब्रेकअप क्यों किया। अभिनेत्री अनन्या पांडे और अभिनेता आदित्य रॉय कपूर ब्रेकअप से पहले एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। जब से अनन्या और आदित्य के रिश्ते की खबरें सामने आईं, फैंस हैरान रह गए। कुछ समय बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरें आईं। हालांकि इसकी वजह तो समझ नहीं आई लेकिन इस जोड़ी के फैंस नाराज हो गए। अब अनन्या पांडे ने अपने ब्रेकअप की वजह का खुलासा किया है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं। वहां उनसे पूछा गया कि क्या इस वक्त उनकी जिंदगी में कोई खास है? इस सवाल का जवाब देते हुए अनन्या ने कहा, 'मुझे प्यार के बारे में राज रखना पसंद है, क्योंकि मुझे प्यार करना पसंद है। मैं किसी डेटिंग ऐप पर नहीं हूं। मैं वास्तविक जीवन में मिलना पसंद करूंगी। मुझे एक प्रेम कहानी चाहिए। मैं चाहती हूं कि मेरा साथी सम्मानजनक और ईमानदार हो। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके पार्टनर के पास ये चीजें नहीं हैं तो उनका रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा और फिर टूट जाएगा।

**सामने आई आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप की वजह** – अनन्या पांडे का रिएक्शन सुनने के बाद कि वह अपने पार्टनर में क्या खूबियां चाहती हैं, फैंस अब इसे उनके और आदित्य रॉय कपूर के ब्रेकअप से जोड़ रहे हैं।

## सिमरन के साथ पंडाल के स्टाफ ने की बदतमीजी



छोटे परदे की एक्ट्रेस सिमरन बुधरूप अपनी मां संग लालबागचा राजा के दर्शन करने गई थी, जहां उनके साथ पंडाल के स्टाफ ने बदतमीजी की। टीवी शो पंड्या स्टोर फेम एक्ट्रेस खुद और मां के साथ हुए इस व्यवहार से बेहद दुखी हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो शेयर कर फैंस को सारा किस्सा सुनाया है, जिससे उनके फैंस भी काफी भड़क गए हैं। सिमरन ने घटना का वीडियो शेयर करते हुए बताया कि कैसे स्टाफ ने कैसे उन्हें धक्का मारा और जब वह घटना को फोन में रिकॉर्ड करने की कोशिश करने लगी तो उनका फोन छीनने की कोशिश की गई। वीडियो शेयर कर सिमरन ने अपनी पोस्ट में लिखा, आज मैं अपनी मां के साथ लालबागचा राजा के दर्शन के लिए गई थी, लेकिन हमारे अनुभव को स्टाफ के अनुचित व्यवहार ने खराब कर दिया। जब मेरी मां तस्वीर ले रही थी, तभी स्टाफ ने उनका फोन छीन लिया। जब मैंने हस्तक्षेप किया, तो बाउंसर्स ने मुझे भी धक्का दिया।वीडियो में सिमरन को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, मत करो। क्या कर रहे हो आप?

### सूडोकु नवताल- 6916

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6915 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल- 7663

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | म | मा | अ | शो | का | म | न | ह | क | रा |
| हा | त | सू | ह | री | ल | जी | स | ल | का | ज |
| चु | वी | रा | द | अं | फ्यु | त | र | म | ल | टी. |
| प | र | दा | ज | ल | क | जी | ओ | मु | व | त |
| चु | अ | न | ष | ल | म | मी | छ | झे | सी | ला |
| प | मी | ज | स | जि | स्वा | क | प | कु | गु | श |
| के | ह | बु | न | टी | म | मी | टे | छ | हा | ण |
| न | पू | सु | पा | बी | पं. | सौ | ल | क | ना | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | हा | न | त |
| आ | प | बे | व | फा | दी | र | ह | ना | क | थ |
| दो | स्ती | न | प | द | न | इ | ह | है | ह | धी |

**शब्दजाल में करीना कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं**

ऐतराज, अशोका, चुप चुप के, दोस्ती, बेवफा, तलाश, अजनबी, मुझे कुछ कहना है, रीफ्युजी, ओमकारा.

**शब्दजाल - 7662 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | नो | ए | ब्री | स | प | ला | नी | का |
| धु | है | क | ज | इं | डे | ने | ह | इं | म | ल |
| म | क्या | दि | ल | ने | क | हा | ड | सा | प | नि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | न | इ | ही |
| को | ई | मे | रे | दि | ल | से | पु | छे | क | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | न | रि | या |
| शी | मा | दे | प्या | व | था | य | अ | म | क | ती |
| द | दे | श | रे | न | प | य | यु | घु | व | ला |
| स | दि | ल | मो | ले | दा | र | जा | वा | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ह | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | न | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग- 6616

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | | | 7 | 5 |
| | 25 | | 26 | 5 | 40 | |
| 4 | 5 | 1 | | | 2 | |
| | 37 | 6 | 35 | | 27 | 3 |
| | 3 | | | 4 | 1 | |
| 5 | 33 | 4 | 42 | | 26 | |
| 2 | | | 6 | 3 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6615 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 30 | 6 | 30 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 39 | 7 | 31 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | 31 | 5 | 35 | 5 | 33 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# साक्षी मलिक, गीता फोगाट ने की कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा

**नई दिल्ली।**

भारतीय पहलवान साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) के गठन की घोषणा की।

साक्षी ने एक्स पर घोषणा की, हमारे गाँव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं। हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं।

उन्होंने आगे कहा, आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसीलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) का गठन किया है। डब्ल्यूसीएसएल, एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा।

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत के भी लीग में भाग लेने की बात कही जा रही है।

साक्षी ने कहा, हमें खुशी है कि अमन हमारे विज़न को शेयर करते हैं और इस यात्रा में हमारे साथ जुड़े हैं। अमन ने कहा है कि यह लीग एक बहुत प्रशंसनीय पहल है जो भारतीय कुश्ती के लिए बहुत फायदेमंद होगी, इसलिए मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ। हम भारतीय कुश्ती के इस चमकते सितारे के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

साक्षी ने आगे लिखा, कुश्ती में भारतीय खेलों की सबसे प्रेरक कहानियों में से कुछ की वीरता, गौरव और समुदाय की भावना निहित है। डब्ल्यूसीएसएल के माध्यम से हम उन कहानियों को भी जीवंत करेंगे! हालांकि डब्ल्यूसीएसएल का ध्यान कुश्ती पर है, लेकिन यह हमारी भारतीय खेलों में निरंतर उच्च प्रदर्शन की संस्कृति को विकसित करने और हर भारतीय को खेल की खुशी का अनुभव कराने की तीव्र इच्छा से प्रेरित है।

साक्षी ने अंत में कहा, यद्यपि डब्ल्यूसीएसएल की स्थापना हम दोनों (साक्षी और गीता) द्वारा की गई है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो सभी हितधारकों के साथ निकट सहयोग में सम्मानपूर्वक काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जीतना, आखिरकार, एक टीम खेल है। हमारा दिल केवल भारत के लिए, भारतीय कुश्ती के लिए और भारतीय खेलों के लिए धड़कता है। आइए, एक साथ मिलकर अपने सपनों का खेल भारत बनाएं! जय हिंद।

साक्षी, जिन्होंने बजरंग पुनिया और विनेश फोगट के साथ मिलकर बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध का नेतृत्व किया था, ने पिछले साल कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### फुटबॉल मैच रद्द होने के बाद एम्स्टर्डम में हुए दंगों में आठ अजाक्स प्रशंसक गिरफ्तार



**द हेग।** पुलिस हड़ताल के कारण अजाक्स और एफसी उट्रेच के बीच इरेडिविसी फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच रद्द होने से भड़के दंगों के बाद डच पुलिस ने रविवार को एम्स्टर्डम में आठ अजाक्स प्रशंसकों को गिरफ्तार किया है। प्रशंसक शहर के केंद्र में एकत्र हुए, जिससे पुलिस मुख्यालय को नुकसान पहुंचा और पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई। भीड़ द्वारा अधिकारियों के साथ टकराव जारी रखने के बाद दंगा पुलिस को तैनात किया गया। दंगाई सबसे पहले सेंट्रल एम्सटर्डम के एक सार्वजनिक चौराहे लीडसेप्लेन में पुलिस की हड़ताल का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे, जिसके कारण अजाक्स को लगातार दूसरे रविवार को लीग मैच से चूकना पड़ा। विरोध प्रदर्शन बढ़ता गया, जिसके परिणामस्वरूप इलाके में ट्रामों को रोक दिया गया और खिड़कियों को तोड़ दिया गया। अजाक्स बनाम एफसी उट्रेच मैच को रद्द कर दिया गया क्योंकि सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई पुलिस उपलब्ध नहीं थी, पुलिस अधिकारी समय से पहले सेवानिवृत्ति लाभों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हड़ताल पर हैं। दो हफ़्ते पहले, रॉटरडैम में फेयेनोर्ड बनाम अजाक्स नामक एक और एरेडिविसी मैच भी चल रही पुलिस हड़ताल के कारण रद्द कर दिया गया था।

### ला लीगाः रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज कमर की चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड अपने आक्रामक मिडफील्डर ब्राहिम डियाज के बिना लगभग तीन महीने तक खेलेगा, क्योंकि शनिवार को रियल सोसिएदाद के खिलाफ 2-0 की जीत में उन्हें कमर में चोट लग गई थी।



क्लब की वेबसाइट पर बताया गया, रियल मैड्रिड के मेडिकल विभाग द्वारा हमारे ब्राहिम डियाज पर किए गए परीक्षणों के बाद, खिलाड़ी को उनके दाहिने पैर की एबडक्टर लॉन्गस मांसपेशी में चोट का पता चला है। उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी, उन्हें ठीक होने में लगभग तीन महीने लगेंगे। मोरक्को के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने जूड बेलिंगहैम और ऑरेलियन टचौमेनी की चोटों के कारण रियल सोसिएदाद के खिलाफ मुशकिल शुरुआत की थी, लेकिन उनके दाहिने कमर में दर्द को नोटिस करने के बाद सिर्फ 24 मिनट में रॉड्रिगो को उनकी जगह लेना पड़ा। रियल मैड्रिड के लिए अच्छी खबर यह है कि बेलिंगहैम और टचौमेनी दोनों के फिट होने की संभावना है जब रियल मैड्रिड मंगलवार रात को स्टटगार्ट के खिलाफ अपने चैंपियंस लीग अभियान की शुरुआत करेगा।

### उम्मीद है, मैंने साबित कर दिया है कि ऊपरी क्रम मेरे लिए बेहतरः लियाम लिविंगस्टोन

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को उम्मीद है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 आई श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में साबित कर दिया है जो ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है।




तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द होने पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही। लिविंगस्टोन को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने पिछले तीन टी20 विश्व कप में लिविंगस्टोन को फिनिशर के तौर पर इस्तेमाल किया है। लेकिन 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने शीर्ष पर बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से लिविंगस्टोन ने कहा, मैंने थोड़ा और शामिल होने का आनंद लिया, कुछ लड़कों के दूर होने के कारण बल्ले और गेंद दोनों से मौका मिला, इसलिए मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। उन्होंने श्रृंखला का समापन सबसे अधिक रन बनाने वाले और संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में किया। अपने प्रभावशाली स्ट्रोक प्ले पर भरोसा करते हुए, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 62.00 की औसत से 124 रन बनाए। अपने ऑफ ब्रेक के साथ, उन्होंने मध्य ओवरों के दौरान प्रभाव डाला और 7.60 की औसत से पाँच विकेट लिए। लिविंगस्टोन के अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट और सीन एबॉट ने भी दो टी20आई में पाँच-पाँच विकेट लिये। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद, लिविंगस्टोन, जो अपनी नई भूमिका का आनंद ले रहे हैं, इंग्लैंड की हार्ड-हिटिंग टी20आई सेटअप में खुद को उच्च बल्लेबाजी करने में सक्षम साबित करने के बारे में आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, यह एक अलग माहौल रहा है, और मैंने वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लिया है।

# ओडिशा-आरएफए एचपीसी के एथलीटों ने सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते पांच पदक

**नई दिल्ली।**

ओडिशा-रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉरमेंस सेंटर (आरएफए एचपीसी) के एथलीटों ने चेन्नई में सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर अपनी चमक बिखेरी। डीएम जयराम ने दो पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य और पुरुषों की 4×100 मीटर रिले स्पर्धा में रजत पदक शामिल है, जहां उनके साथ ओडिशा-आरएफ एचपीसी के एथलीट महेंद्र सांता भी शामिल थे।



सबिता टोप्पो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में रजत पदक जीता और लक्ष्मीप्रिया किसान ने भी महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता।

प्रदर्शन को लेकर, ओडिशा-आरएफ एचपीसी के मुख्य कोच मार्टिन ओवेन्स ने कहा, एसएएफएफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप वास्तव में एक अच्छी प्रतियोगिता थी और कुछ युवा एथलीटों के लिए पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक अच्छा अवसर था। हमारे दृष्टिकोण से, जयराम ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। उनका मुकाबला दो बहुत ही उच्च गुणवत्ता वाले श्रीलंकाई धावकों से था, जिन्होंने जयराम की तरह जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। उन्होंने अब तक के सत्र की अपनी सर्वश्रेष्ठ दौड़ लगाई, इसलिए मैं उनके प्रयास से बहुत प्रसन्न था।

उन्होंने आगे कहा, जयराम और महेंद्र ने भी 4×100 मीटर रिले टीम में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। महेंद्र अभी भी डेंगू से उबर रहे हैं और भविष्य में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। लक्ष्मी एक बड़ी सकारात्मक बात थी क्योंकि उन्हें अंतिम समय में ही बुलाया गया था। उनका टर्नअराउंड कम था, लेकिन उन्होंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। मेरे हिसाब से हमारे दल में सबसे अच्छा प्रदर्शन सबिता का रहा, क्योंकि उन्होंने पहली बार अंडर 14 में दौड़ लगाई। जब वह शीर्ष स्थिति में होती है, तो वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करती है। ओडिशा में एथलीटों को इतनी अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यहां की टीम पर वास्तव में गर्व है।

ओडिशा-आरएफ एचपीसी, ओडिशा सरकार और रिलायंस फाउंडेशन का एक मजबूत सहयोगी प्रयास है, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में एथलेटिक्स के मानक को बेहतर बनाना और घरेलू स्तर पर ऐसे एथलीट तैयार करना है जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह से सफलता हासिल कर सकें।

अपनी सफलता में ओडिशा-आरएफ एचपीसी की भूमिका को स्वीकार करते हुए जयराम ने कहा, पिछले दो सालों में मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है और मुझे लगता है कि मैं बहुत आगे निकल आया हूं। हाई परफॉरमेंस सेंटर का हिस्सा बनने से पहले मुझे इस तरह की ट्रेनिंग भी नहीं मिली थी। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

अंतिम मिनट में प्रवेश पाने वाले किसान ने 2:10.87 का समय निकालकर रजत पदक जीता। सबिता ने 13.96 सेकंड का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पदक जीतने के लिए पिछले सैफ जूनियर रिकॉर्ड के अंदर रहीं। जयराम ने 10.56 सेकंड का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो भारत के लिए सैफ जूनियर रिकॉर्ड के अंदर था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड के कप्तान होंगे हैरी ब्रूक

**लंदन।** हैरी ब्रूक अपने करियर में पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है। जोस बटलर के पांच मैचों की सीरीज से बाहर होने के बाद ब्रूक को कप्तान बनाया गया है। बटलर, जिन्हें टी20आई के लिए भी नहीं चुना गया था, अपनी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं जो उन्हें पहले लगी थी। बटलर की चोट ने लियाम लिविंगस्टोन के लिए भी वनडे टीम में वापसी के दरवाजे खोल दिए हैं, जिन्हें पहले नजरअंदाज किया गया था। इस तेजतर्रार ऑलराउंडर को मौजूदा टी20आई सीरीज में अब तक पांच विकेट चटकाने और दूसरे टी20आई में सिर्फ 47 गेंदों पर 87 रन बनाने का इनाम मिला है। बटलर, जो जुलाई के अंत में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से नहीं खेले हैं, अब नवंबर में कैरिबियन दौरे के लिए टीम में वापसी का लक्ष्य रखेंगे। ब्रूक, जिन्होंने 2018 में अंडर-19 विश्व कप में इंग्लैंड की कप्तानी की थी, हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओली पोप के डिप्टी थे, जहां बेन स्टोक्स अनुपस्थित थे। ईसीबी ने यह भी पुष्टि की है कि युवा तेज गेंदबाज जोश हल, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ अंतिम टेस्ट में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, को क्वाड चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। वनडे सीरीज 19 सितंबर को ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए इंग्लैंड की टीमः हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले भारतीय शिविर में शामिल हुए सरफराज



**चेन्नई।**


मौजूदा दलीप ट्रॉफी में एक अतिरिक्त मैच खेलने के बाद, सरफराज खान गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले सोमवार को यहां एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय टीम से जुड़ गए। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैचों के बाद आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा के बाद शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए, वहीं सरफराज को कथित तौर पर चयनकर्ताओं ने एक अतिरिक्त मैच खेलने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने 16 रन बनाए, क्योंकि इंडिया बी ने इंडिया सी को पहली पारी में बढ़त दे दी। सरफराज अपने साथियों की तुलना में बाद में शिविर में शामिल हुए, इसलिए संभावना है कि पहले टेस्ट में मध्य क्रम की भूमिका के लिए 26 वर्षीय सरफराज को राहुल से पहले प्राथमिकता दी जाएगी। राहुल, जिन्हें श्रृंखला के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में चुना गया है, दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में इंडिया ए की इंडिया बी से हार में 37 और 57 रन की पारी खेलकर आ रहे हैं और हैदराबाद में पहले टेस्ट में क्वाड्रिसेप्स की चोट के बाद इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। सरफराज ने उस सीरीज में राहुल की जगह ली थी, उन्होंने राजकोट में तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था और पांच पारियों में 50 की औसत से 200 रन बनाए थे। इसके कारण वह उस सीरीज के तीन डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें बांग्लादेश सीरीज के लिए टेस्ट टीम में बरकरार रखा गया - आकाश दीप और ध्रुव जुरेल अन्य हैं। हालांकि सरफराज के बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की प्रशंसा की गई, लेकिन घरेलू सर्किट पर खूब रन बनाने वाले इस खिलाड़ी को भारत के लिए फिर से सफेद कपड़े पहनने से पहले थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि सीनियर राहुल और विराट कोहली लंबे सीजन से पहले सबसे लंबे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

# टेबल टेनिस : सन यिंगशा, लिन शिदोंग ने जीता डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाऊ का खिताब

**मकाऊ।**

**चीन की सुन यिंगशा और लिन शिदोंग ने रविवार को विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चैंपियंस मकाऊ 2024 में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में खिताब जीता। टेबल टेनिस प्रशंसकों के बीच शाशा के रूप में भी जानी जाने वाली सुन ने हमवतन वांग यिदी के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की, उन्होंने इंचियोन और चोंगकिंग में विजयी होने के बाद 2024 की अपनी तीसरी डब्ल्यूटीटी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह सुन का पांचवां डब्ल्यूटीटी चैंपियंस खिताब भी था।**

सुन ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अगले ओलंपिक चक्र के लिए यह एक शानदार शुरुआत थी, उन्होंने कहा कि प्रत्येक मैच के साथ उनके फॉर्म में काफी सुधार हुआ है।




उन्होंने कहा, अगले चार वर्षों में कई बदलाव और प्रतिस्पर्धा होगी, लेकिन मैं पहली चैंपियनशिप जीतकर बहुत खुश हूं, जिसने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया है।

वहीं, लिन ने जर्मनी के किउ डांग को 4-0 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीटी चैम्पियनशिप खिताब जीता। मैच के बाद, 19 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रेस को बताया कि उनका प्रदर्शन उनकी उम्मीदों से बढ़कर था।

शनिवार को जापान की मिवा हरिमोटो पर 4-2 से जीत के साथ सन ने फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि लिन ने सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी वांग चुकिन को 4-1 से हराया था।

सन और लिन ने बताया कि वे आगामी चाइना स्मैश 2024 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो 26 सितंबर से 6 अक्टूबर तक बीजिंग में आयोजित किया जाएगा।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

**कोलंबो।**

श्रीलंका ने बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ओशादा फर्नांडो की वापसी हुई है, जबकि निशान मदुश्का टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं।

ओशादा 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद श्रीलंका की टीम में वापस आ रहे हैं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने ए टीम के साथ अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जो अभी दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है। दो मैचों की श्रृंखला के पहले अनौपचारिक टेस्ट में, ओशादा ने 122 और 80 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका की ए टीम जीत गई।

वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान, मदुश्का ने दो टेस्ट में 4, 0, 7 और 13 के स्कोर बनाए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। भले ही ओशादा टीम में वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है।

न्यूजीलैंड सीरीज में श्रीलंका के लिए प्लेइंग इलेवन में दिमुथ करुणारत्ने, निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा और कामिंडू मेंडिस सभी अपनी जगह बनाए रखने की संभावना रखते हैं। रमेश मेंडिस आठवें नंबर के स्थान को भरने वाले खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं। स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए, शेष तीन स्थानों पर स्पिनर प्रभात जयसूर्या और दो तेज गेंदबाजों के होने की संभावना है। दोनों टेस्ट गाले में होंगे। पहला टेस्ट खत्म होने के बाद दूसरा मैच 26 सितंबर से शुरू होगा।



न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की टेस्ट टीमः धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे, मिलन रथनायके।

# अगस्त माह के लिए आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुने गए वेल्लालगे, हर्षिता

**दुबई।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को श्रीलंकाई खिलाड़ी दुनीथ वेल्लालागे और हर्षिता समरविक्रमा को अगस्त 2024 के लिए क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया। वेल्लालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और समरविक्रमा ने आयरलैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इससे पहले एक ही देश के खिलाड़ियों द्वारा एक ही महीने में पुरस्कार जीतने का एकमात्र उदाहरण तब था जब इस साल जून में जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुना गया था। वेल्लालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स से आगे रहते हुए प्रतिष्ठित मासिक पुरस्कार जीता, जो शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य खिलाड़ी थे। वेल्लालागे के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने भारत पर 2-0 से सीरीज जीत हासिल की। 31 वर्षीय



बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने नाबाद 67, 39 और दो रन बनाए, जबकि सीरीज में सात विकेट भी चटकाए, जिसमें तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट लेना भी शामिल है। यह पांचवीं बार है जब किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी ने पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता है, इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रभात जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंडु मेंडिस (मार्च 2024) इस पुरस्कार को जीत चुके हैं। पुरस्कार जीतने पर वेल्लालागे ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है, क्योंकि यह मान्यता मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा काम जारी रखने और मैदान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी टीम में योगदान देने के लिए और अधिक ताकत देती है। मैं अपने साथियों, माता-पिता, दोस्तों और रिश्तेदारों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि मुझे यकीन है कि मेरी उपलब्धि उन्हें बहुत संतुष्टि प्रदान करेगी, क्योंकि वे हमेशा मेरा समर्थन करते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से इस तरह की मान्यता मिलना हमारे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे निश्चित रूप से खेल में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। आयरलैंड की जोड़ी ओरला प्रेंडरगैस्ट और गैबी लुईस को पछाड़ने वाली समरविक्रमा ने आयरलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया और वह वनडे में शतक लगाने वाली श्रीलंका की तीसरी महिला क्रिकेटर बन गईं। 26 वर्षीय बाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने डबलिन में खेले गए दो टी20 मैचों में 169.66 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए, जिसमें पहले मैच में 45 गेंदों पर नाबाद 86 रन की मैच जिताऊ पारी शामिल है। उन्होंने बेलफास्ट में तीन वनडे मैचों में 82.69 की स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए, जिसमें दूसरे मैच में 105 रन की पारी भी शामिल है।

समरविक्रमा आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतने वाली श्रीलंका की दूसरी खिलाड़ी हैं। कैप्टन चमारी अथापथु ने तीन बार सितंबर 2024, मई 2024 और जुलाई 2024 में यह पुरस्कार जीता है। पुरस्कार जीतने पर समरविक्रमा ने कहा कि यह सम्मान बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 से तीन सप्ताह से भी कम समय पहले मिला है। हर्षिता समरविक्रमा ने कहा, मैं इस सम्मान से बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने करियर में एक नई ऊंचाई मानती हूं। यह निश्चित रूप से मुझे बड़ी प्रतियोगिता, महिला टी-20 विश्व कप से पहले बहुत आत्मविश्वास देता है। यह उपलब्धि मेरे आस-पास के अविश्वसनीय समर्थन नेटवर्क मेरे साथी, कोच, माता-पिता, मेरी बहन, भाई, दोस्त और सलाहकार के बिना संभव नहीं होती। मैं इस अवसर पर उन सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं उन खिलाड़ियों की भी सराहना करना चाहती हूं जिन्हें मेरे साथ प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया था।

Government of Assam

Department of Panchayat and Rural Development



“Heartfelt gratitude to Prime Minister, **Shri Narendra Modi** for allotting an additional **1,71,593** houses under **PMAY-G 2.0** and to the Chief Minister of Assam, **Dr Himanta Biswa Sarma** for his visionary leadership in steering the state towards development and prosperity through the scheme, transforming thousands of lives.”

**Ranjeet Kumar Dass**
Minister, Panchayat & Rural Development etc

# Remarkable progress
## under
# Pradhan Mantri Awaas Yojana - Gramin

## Launch of

**Pradhan Mantri Awaas Yojana Gramin 2.0**
Sanction and release of 1st instalment for **1,71,593** beneficiaries in Assam

**Awaas+ 2024** for conducting a new survey for PMAY-G beneficiary inclusions under revised exclusion criteria

## Grihapravesh ceremony of

**1,03,575**
PMAY-G houses in Assam

# Central Function
## for
# Nationwide launch

In the august presence of

## Shri Narendra Modi
Prime Minister

Date: 17 September 2024

Place: Bhubaneswar, Odisha

### Assam's significant progress under the Pradhan Mantri Awaas Yojana Gramin (PMAY-G) scheme

**20,51,842** pucca houses by 31 March 2024

**19,18,787** completed PMAY-G houses as on 15 September 2024




NB: This record does not include the data of PMAY-G 2.0

-- Janasanyog /DF/1059/24/17-Sep-24

Published by Department of Panchayat and Rural Development